

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल




ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 228 | ग्वालियर, गुरुवार, 8 जून 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

# ओडिशा रेल हादसे के बीच भावुक पल, नेपाल से पहुंचे माता-पिता को मिला उनका 15 साल का बेटा

ओडिशा के बालासोर जिले में हुए भीषण ट्रेन हादसे में कई लोगों ने अपनों को खो दिया. कई लोग अब भी लापता हैं, जिनके परिवार वाले अब भी उनकी तलाश कर रहे हैं. कुछ भाग्यशाली लोग भी हैं जिनके परिजन जिंदगी और मौत की जंग जीत गए हैं. ऐसा ही मामला कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में देखने को मिला. कलिंगा टीवी के मुताबिक, बालासोर ट्रेन हादसे का शिकार हुआ नेपाल का 15 साल का एक लड़का भीषण ट्रेन हादसे के बाद आखिरकार अपने माता-पिता से मिल गया है. नाबालिग लड़के की पहचान रामानंद पासवान के रूप में हुई है. वह ट्रेन दुर्घटना में घायल हो गया था जिसके बाद उसे एससीबी एमसीएच के ट्रॉमा आईसीयू में भर्ती कराया गया. जानकारी के अनुसार, 15 वर्षीय रामानंद पासवानी अपने तीन रिश्तेदारों के साथ नेपाल से भारत आया था. सभी शालीमार से कोरोमंडल एक्सप्रेस में सवार थे. बालासोर में हुए ट्रेन हादसे के बाद भारत आए रामानंद के बारे में नेपाल में रहने वाले उनके माता-पिता को कोई खबर नहीं मिली. उन्हें यह भी नहीं पता था कि उनका बेटा मर चुका है या जिंदा है. इसलिए वह अपने बेटे की तलाश में नेपाल से ओडिशा आ गए. कई अस्पतालों का चक्कर काटने के बाद वह कटक एससीबी अस्पताल पहुंचे, जहां उन्हें दुर्घटना के तीन दिन बाद अपना लापता बेटा रामानंद मिला.ओडिशा के हेल्पडेस्क ईकोसिस्टम की कई कोशिशों के बाद लड़के के परिवार को उससे मिलवाया गया. एससीबी अस्पताल में लड़के के अपने परिवार से मिलने के दृश्य ने सभी को भावुक कर दिया. ट्रेन हादसे की खबर सुनकर लड़के के माता-पिता पूरी तरह से टूट गए थे. इलाज करा रहे रामानंद ने अपने माता-पिता को टीवी स्क्रीन पर देखकर पहचान लिया था. उसने तुरंत अपने माता-पिता के भारत में होने की खबर अस्पताल प्रशासन को दी और उन्हें मिलाया गया.



## न्यूज़ ट्रैक

### प्राउड ऑफ यू, लव यू, मनीष सिसोदिया से मुलाकात के बाद पत्नी सीमा ने खत में लिखी



### दिल की बातें

. दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम और आप नेता मनीष सिसोदिया ने बुधवार (7 जून) को पत्नी सीमा सिसोदिया से मिलने घर गए थे. आज 103 दिन बाद दोनों की मुलाकात हुई. इस मुलाकात के बाद उनकी पत्नी ने एक पत्र लिखा है. उन्होंने कहा, ÷आज वही ज़िद फिर से मनीष के चेहरे पर और बातों में दिखाई दी.उन्होंने आगे लिखा, ÷जो आदमी पिछले 103 दिन से एक दरी बिछाकर फर्श पर सो रहा है. तमाम चीजों की परवाह किए बगैर आज भी उनकी आंखों में एक ही सपना है कि शिक्षा के जरिए देश को खड़ा करना है और अरविंद केजरीवाल के साथ मिलकर ईमानदार राजनीति करके दिखानी. भले ही कितनी ही साजिशें क्यों न हों और कितनी ही मुसीबतें क्यों न सामने आ जाएं.उन्होंने लिखा, पिछले तीन महीने में दुनिया का शिक्षा का इतिहास पढ़ डाला है. किस देश के किस नेता ने शिक्षा पर जिद करके काम किया और फिर वो देश आज कहां से कहां पहुंच गए हैं. जापान, चीन, सिंगापुर, इजराइल, अमेरिका. भारत की शिक्षा में क्या अच्छा हुआ क्या कमी रह गई. आज की हमारी मुलाकात में मेरी तबियत के साथ-साथ इन मुद्दों पर भी बातें की.%मुझे फक्र है कि मेरा पति आज भी अपनी उसी जिद और तेवर में है. अरविंद और मनीष के खिलाफ साजिशें करके वे लोग खुश होंगे कि अरविंद के सिपाही को जेल में डाल दिया है. पर मैं देख रही हूं कि तिहाड़ जेल की एक कोठरी में 2047 के शिक्षित और समृद्धि का सपना मजबूती से बुना जा रहा है. झूठ और साजिशों के सामने ईमानदारी और शिक्षा की राजनीति का सपना जीतेगा जरूर. प्राउड ऑफ यू मनीष, लव यू

### पहलवानों के खिलाफ दर्ज एफ आई आर ली जाएगी वापस, आंदोलन स्थगित और.. साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया ने अनुराग ठाकुर से बातचीत का दिया ब्योरा




भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे पहलवानों ने बुधवार (7 जून) को खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात की. केंद्रीय मंत्री और पहलवानों के बीच तकरीबन 5 घंटे तक बैठक चली. ये मीटिंग दिल्ली में अनुराग ठाकुर के आवास पर हुई. जानिए इस मामले से जुड़ी बड़ी बातें.

1. पहलवानों के आंदोलन खत्म कराने को लेकर सरकार ने समाधान स्वरूप बातचीत के लिए खिलाड़ियों को बुलाया था. पहलवान बीजेपी सासंद और डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं. इस बैठक के बाद अनुराग ठाकुर ने कहा कि मैंने खिलाड़ियों को बातचीत के लिए न्योता दिया था, सकारात्मक बातचीत हुई है.
2. खेल मंत्री ने कहा कि बैठक में जिन मुद्दों पर चर्चा हुई वो हैं- 15 जून तक पुलिस चार्जशीट दायर करे, रेसलिंग फेडरेशन का चुनाव 30 जून तक संपन्न करवाए जाएं, जब तक रेसलिंग फेडरेशन का चुनाव नहीं होता तब तक आयोग की कमेटी से दो लोगों का नाम प्रस्तावित किया गया है. इसके अलावा महिला खिलाड़ियों को सिक्योरिटी देने पर चर्चा की गई. पहलवानों ने कहा है कि वे 15 जून तक कोई प्रदर्शन या आंदोलन नहीं करेंगे.
3. इस बैठक के बाद बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक ने कहा कि हमारी सरकार से कुछ मुद्दों पर बात हुई है. वो इस बात पर सहमत हुए हैं कि खिलाड़ियों के ऊपर जितने केस हुए हैं वो सब हटाए जायेंगे. हमारी कुछ मांगों को सरकार की ओर से माना गया है, लेकिन अभी और भी मांगे हैं जिसपर हमारा सरकार से मतभेद है. हमें उम्मीद है जल्द ही वो बातें भी मान ली जाएंगी.
4. उन्होंने कहा कि हमने कुछ मुद्दों पर चर्चा की थी. पुलिस की जांच 15 जून तक पूरी हो जानी चाहिए और मंत्री ने हमसे तब तक विरोध प्रदर्शन नहीं करने का अनुरोध किया है. उन्होंने ये भी कहा कि महिला पहलवानों की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाएगा. खिलाड़ियों के मुताबिक, आंदोलन खत्म नहीं हुआ है. पहलवान खाप चौधरियों के सामने सरकार से जो बातचीत हुई है, उसके बारे में जानकारी देंगे.
5. आंदोलन की अगुआई कर रहे पहलवानों में शामिल विनेश फोगाट बैठक में शामिल नहीं हुई. वह हरियाणा के अपने गांव बलाली में एक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में शामिल हुई. हालांकि उन्होंने ट्वीट कर कहा, ÷सारे पत्थर नहीं होते हैं मलामत का निशां, वो भी पत्थर है जो मंजिल का निशां देता है.÷
6. इस बैठक में टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पुनिया, रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक और उनके पहलवान पति सत्यव्रत कादियान ने हिस्सा लिया. पहलवानों का समर्थन कर रहे किसान नेता राकेश टिकैत ने भी बैठक में हिस्सा नहीं लिया.
7. बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं. उनके खिलाफ दिल्ली पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की है. इस बीच सरकार निष्पक्ष जांच कराने को कह रही है.

## अखिलेश यादव से मुलाकात के बाद सीएम केजरीवाल बोले, ..तो संदेश जाएगा कि मोदी सरकार 2024 में सत्ता में नहीं आ रही है



केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विपक्ष को एकजुट करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं. इसी के मद्देनजर उन्होंने बुधवार को लखनऊ में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव से मुलाकात की. उन्होंने सपा के समर्थन के लिए अखिलेश को धन्यवाद भी दिया. अरविंद केजरीवाल ने कहा, ÷अगर गैर-बीजेपी पार्टियां एक साथ आती हैं तो यह अध्यादेश राज्यसभा में पराजित हो सकता है और इससे एक मजबूत संदेश जाएगा कि मोदी सरकार 2024 में सत्ता में नहीं आ रही है. मैं सपा प्रमुख अखिलेश यादव को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने हमें आश्वासन दिया है कि उनकी पार्टी राज्यसभा में हमारा समर्थन करेगी.केजरीवाल ने बताया कि अखिलेश यादव से उनकी काफी लंबी बातचीत हुई है. दिल्ली के लोगों ने वोट देकर हमको चुना है. उन्होंने कहा तीन महीने बाद ही मोदी सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर दिल्ली सरकार की शक्तियां छीन ली थी. 8 साल की लड़ाई के बाद हमारी शक्तियां वापस मिली थी. अध्यादेश को लेकर उन्होंने कहा कि जब यह संसद के अंदर आएगा तो लोकसभा में पास हो जाएगा लेकिन राज्यसभा में बीजेपी के पास बहुमत नहीं है.अध्यादेश के खिलाफ विपक्ष के नेताओं को एकजुट करने के लिए इससे पहले आप नेता केजरीवाल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बिहार के सीएम नीतीश कुमार, तमिलाडु के सीएम एमके स्टालिन, तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर, महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के चीफ शरद पवार सहित कई नेताओं से मिल चुके हैं. दरअसल, हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली में अफसरों की ट्रांसफर और पोस्टिंग का अधिकार केजरीवाल सरकार के पास है लेकिन इसके कुछ दिन बाद ही केंद्र सरकार ने इसे पलट दिया और अध्यादेश ले आई.

## यूपी के 2 विधायकों के मर्डर के आरोपी की कोर्ट परिसर में हत्या, जानें कौन था संजीव महेश्वरी जीवा?

आजीवन कारावास की सजा काट रहे 48 वर्षीय गैंगस्टर संजीव महेश्वरी उर्फ जीवा की बुधवार (7 जून) को उत्तर प्रदेश के लखनऊ में कोर्ट परिसर में गोली मारकर हत्या कर दी गई. यूपी के स्पेशल डीजी (लॉ एंड ऑर्डर) प्रशांत कुमार ने बताया, आज (7 जून) दोपहर करीब 3÷55 बजे गैंगस्टर संजीव उर्फ जीवा को लखनऊ सिविल कोर्ट में पेशी के लिए ले जाया जा रहा था. जैसे ही वह कोर्ट पहुंचा, वकील के वेश में आए एक शख्स ने उस पर गोली चला दी.पुलिस अधिकारी ने बताया,वारदाच में जीवा, दो पुलिस कांस्टेबल और एक डेढ़ साल की बच्ची घायल हो गई. इलाज के दौरान जीवा की मौत हो गई. पुलिस कांस्टेबल और लड़की की हालत स्थिर है और उनका इलाज चल रहा है. जिस शख्स ने गोली चलाई, उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया

## शिंदे सरकार की पहल... दिव्यांग कल्याण मंत्रालय का किया गठन,



महाराष्ट्र सरकार ने दिव्यांगों की समस्याओं को हल करने के लिए दिव्यांग कल्याण मंत्रालय का गठन किया है. इससे उन्हें सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे. मुंबई के गोरेगांव नेस्को सेंटर में बुधवार (7 जून) को इस नए दिव्यांग कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत एक बड़े कैंप का आयोजन किया गया जिसमें करीब 2 हजार से ज्यादा दिव्यांग शामिल हुए. महाराष्ट्र सरकार की तरफ से बनाए गए इस नए मंत्रालय का उद्देश्य है कि सरकार की सभी योजनाएं सही तरीके से दिव्यांगों तक पहुंच सकें और उन्हें इसका लाभ मिल सके. अक्सर देखने को मिलता था कि जो लोग चलने में असमर्थ हैं वह दफ्तरों की सीढ़ियों पर नहीं चल सकते और बार-बार सरकारी कार्यालय नहीं जा सकते. इन्हीं लोगों की मदद के लिए सरकार इस मंत्रालय के अंतर्गत उनके दरवाजे तक पहुंचकर उनका काम करेगी और उन्हें लाभ पहुंचाया जाएगा. एबीपी न्यूज़ ने इस कार्यक्रम में शामिल हुए दिव्यांगों से बातचीत की. दिव्यांगों के मुताबिक, महाराष्ट्र सरकार की तरफ से दिव्यांगों के लिए यह पहला ऐसा प्रयास है जो उनकी जिंदगी में एक नई उम्मीद लेकर आया है. तमाम दिव्यांगों को उम्मीद है कि अब उन्हें सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे. सरकार की तरफ से मिलने वाली योजनाओं का उन्हें लाभ मिलेगा और महाराष्ट्र सरकार का यह मंत्रालय उनके लिए एक बहुत बड़ा सहारा बनेगा. महाराष्ट्र सरकार की तरफ से लगाए गए इस दिव्यांग मंत्रालय के पहले कैंप में बहुत सारे संगठन और संस्थाएं शामिल हुईं जो ऐसे कार्य करती हैं जहां से दिव्यांगों को रोजगार मिल सकता है. सबका यही उद्देश्य है कि उनको ज्यादा से ज्यादा रोजगार दिया जाए ताकि वह अपने बल पर अपना जीवकोपार्जन कर सके

## हज यात्रियों का पहला जत्था श्रीनगर से हुआ रवाना, एयरपोर्ट पर उत्साहित दिखे यात्री



हज यात्रियों का पहला जत्था बुधवार 7 जून को कश्मीर की राजधानी श्रीनगर से पवित्र शहरों मक्का और मदीना के लिए यात्रा पर रवाना हुआ. श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सीधे जेद्दा के लिए इस क्षेत्र के 14 हजार से अधिक मुसलमानों ने अपनी इस आध्यात्मिक यात्रा की शुरुआत की. उत्साह और प्रार्थनाओं के बीच, तीर्थयात्रियों को उनके परिजनों ने एयरपोर्ट पर आकर विदा किया. इस दौरान हज यात्री काफी उत्साहित नजर आए. तीर्थयात्रियों को अलविदा कहने के लिए श्रीनगर के बेमिना इलाके के हज हाउस में परिवार, दोस्त और शुभचिंतक इकट्ठा हुए थे.तीर्थयात्रियों का पहला जत्था, जिसमें कश्मीर क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों से 630 लोग शामिल थे, ये सभी सऊदी अरब के लिए विशेष रूप से व्यवस्थित फ्लाइट में सवार हुए. इस दौरान सभी तीर्थयात्रियों के चेहरे पर उत्साह और श्रद्धा दिखाई दे रही थी, इस दौरान तीर्थयात्रियों ने एहराम के नाम से जाना जाने वाला साधारण सफेद वस्त्र धारण किया था. हज पर जाने वाले एक तीर्थयात्री ने कहा, ÷हम हज के दौरान जम्मू-कश्मीर और पूरी दुनिया में शांति के लिए प्रार्थना करेंगे.

## सीएम अरविंद केजरीवाल ने अखिलेश यादव से की मुलाकात, दिल्ली अध्यादेश पर मांगा समर्थन

केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विपक्ष को एकजुट करने में लगे हैं. इसी बीच आम आदमी पार्टी (ढ्ढ) के राष्ट्रीय संजोयक केजरीवाल ने बुधवार (7 जून) को लखनऊ में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव से मुलाकात की. इस दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी, आप सांसद संजय सिंह और सपा नेता शिवपाल सिंह यादव भी मौजूद रहे.



केजरीवाल ने मीटिंग के बाद कहा कि फरवरी में सरकार बनी और 3 महीने बाद केंद्र सरकार ने हमारी शक्तियां छीन ली. उन्होंने कहा कि 8 साल की लड़ाई बाद 11 मई को सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने फैसला दिया कि शक्तियां चुनी हुई सरकार के पास होनी चाहिए, लेकिन 19 मई को मोदी सरकार ने अध्यादेश लाकर कोर्ट का फैसला कैंसिल कर दिया. वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि मैं उन्हें (केजरीवाल) को भरोसा दिलाता हूं कि इस लड़ाई में हम आपके साथ हैं.अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि केंद्र सरकार ने 19 मई को अध्यादेश लाने का फैसला इसलिए लिया क्योंकि इस दिन से कोर्ट में अवकाश हो गया. हम छुट्टी खत्म होते ही अदालत जाएंगे. उन्होंने आगे कहा कि अध्यादेश गिर गय

## मुंबई के गर्ल्स हॉस्टल में रेप के बाद युवती की हत्या, आरोपी वॉचमैन का भी रेलवे ट्रैक के पास मिला शव

देश की आर्थिक राजधानी कही जाने वाली मुंबई में एक डबल मर्डर का केस सामने आया है. शहर के चर्चगेट इलाके में मंगलवार (6 जून) को एक गर्ल्स हॉस्टल में एक युवती के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या का शक है. हालांकि पुलिस मामले की जांच मर्डर और सुसाइड दोनों नजरिए से कर रही है. वहीं, इस हॉस्टल के चौकीदार का भी शव बरामद हुआ है.मृतक युवती की उम्र 18 से 20 साल के बीच बताई जा रही है. उसका शव रेलवे ट्रैक से बरामद हुआ है. इस मामले में मरीन ड्राइव पुलिस जांच कर रही है और जीआरपी ने इसमें एडीआर दर्ज किया है. युवती गर्ल्स हॉस्टल की चौथी मंजिल पर रहती थी, जो अकोला की रहने वाली बताई जा रही है. इस घटना की जानकारी हॉस्टल के लोगों को शाम करीब 4 बजे हुई. फिलहाल, पुलिस इस मामले की जांच दो एंगल से कर रही है.ड्राइव गर्ल्स हॉस्टल में नौकरी करने वाले आरोपी वॉचमैन की पुलिस तलाश कर रही थी, लेकिन उसका भी शव पुलिस ने बरामद किया. पुलिस सूत्रों ने बताया की वॉचमैन का शव चरनीरोड रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर बरामद हुआ. वॉचमैन की पहचान 35 साल के ओम प्रकाश कनौजिया के रूप में हुई है. मुंबई के चर्चगेट इलाके में स्थित एक गर्ल्स हॉस्टल में महिला के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने का शक था. इस मामले में मरीन ड्राइव पुलिस जाँच कर रही है. वहीं गर्ल्स हॉस्टल में रहने वाली लड़की परिसर की चौथी मंजिल पर रहती थी. घटना की जानकारी हॉस्टल के लोगों को शाम को 4 बजे के करीब पता चली. पुलिस को शक है की उसका बलात्कार कर उसका गला दबाकर उसकी हत्या की गई है.



## हर माह की भांति इस माह भी सबलगढ़ के कटरा बाजार में स्थित दाऊजी मंदिर पर भव्य पूर्णमासी का आयोजन किया गया





जिसमें धौलपुर से पधारे भजन गायक कलाकार हरेंद्र राव मोहना ग्वालियर से पधारी ज्योति पाल ने अपनी मधुर मधुर भजनों से दाऊजी को रिझाया हारे के सहारे आजा लेने आजा खाटू वाले रींगस के मोड़ पर तेरे एहसान का बदला चुकाया जा नहीं सकता मीठे मीठे भजनों से दाऊजी के दरबार में अपनी हाजारी लगाई स्थानी गायक कलाकार भूपेंद्र मंगल भप्पा भैया कमल पेंटर उज्जवल गुप्ता रोहित बंसल रानू गोयल सांवरिया एवं दाऊजी म्यूजिकल ग्रुप के संचालक रफीक शाह द्वारा भी दाऊ दरबार में अपनी हाजारी लगाई गई इस पावन अवसर पर सैकड़ों की तादाद में दाऊ भक्त उपस्थित रहे

# गुमशुदा तत्कालीन कांग्रेस पार्षद निब्बूलाल रिमहा की खोज में ठोस कार्यवाही हेतु, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष नदीम अशरफी ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

अनूपपुर जिले की नगर पालिका परिषद कोतमा क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रमांक 07 से तत्कालीन पार्षद निब्बूलाल रिमहा नगर पालिका परिषद आम चुनाव 2022 के ठीक पहले से गायब है, जिनके लापता होने की सूचना उनके परिजनों ने दी थी परन्तु थाना कोतमा द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नही की गई। जिसके विरोध में युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कोतमा नदीम अली अशरफी के नेतृत्व में एवं युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान व एन एस यू आई जिलाध्यक्ष रफी अहमद की विशेष उपस्थिति में दिनांक 04/06/2023 को लगभग शाम 7 बजे अपने से संगठन के अन्य युवा साथियों के साथ थाना कोतमा पहुंचे और थाना प्रभारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि हमारी पार्टी सबसे सक्रिय दलित ने नेता श्री निब्बूलाल रिमहा जो हमेशा अपने वार्ड वासियो की सेवा में तत्पर रहते थे, जिस कारण वे लगातार कई बार पार्षद चुने गए, उनका अचानक



असमय नगर पालिका आम चुनाव 2022 के ठीक पहले लापता हो जाना किसी बड़े राजनीतिक षडयंत्र की ओर इशारा करता है। श्री रिमहा के लापता होने की सूचना आपके थाने पे उनके परिजनों में पूर्व में दी जा चुकी परंतु आज दिनांक तक कोई ठोस कार्यवाही नही की गई। हम युवा कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण आपसे मांग करते है कि जल्द से जल्द श्री निब्बूलाल रिमहा की गुमशुदगी के सम्बंध में कोई ठोस कार्यवाही की जाए और यदि जल्द से जल्द कार्यवाही नही की तो हम युवा कांग्रेस जन धरना, प्रदर्शन, उग्र आन्दोलन करने के लिए विवश होंगे जिसकी संम्पूर्ण जवाबदेही पुलिस प्रशासन की होगी। ज्ञापन का वाचन एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी अहमद ने किया। ज्ञापन सौंपने में युवा कांग्रेस ज़िला महासचिव मानवेन्द्र मिश्रा, आईटी सेल जिलाध्यक्ष समीर पयासी, युवा नेता फरहान अली, मयंक जैन, राहुल साहू, सनिल जैन, रियाज अंसारी, गौरव नामदेव, मो. सिफ़त, निखिल सोनी एवं अन्य युवा साथी मौजूद रहें।

# म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ब्लॉक करेरा में जी.डी.एक्स सिक्युरिटी नोएडा द्वारा बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने भर्ती कैम्प आयोजन

म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ब्लॉक करेरा में जी.डी.एक्स सिक्युरिटी नोएडा द्वारा बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने हेतु भर्ती कैम्प आयोजन किया गया जिसमें 56 युवाओ ने रजिस्ट्रेशन कराया जिसमे जिडीएक्स के भर्ती अधिकारी राजेन्द्र सरगरा ने मापदंड के अनुसार 10 युवाओं का चयन किया, चयनित उम्मीदवारों को15 दिन के प्रशिक्षण के बाद 12 से 14 हजार रु. वेतन की नोकरी दी जायेगी। यह कैम्प आजीविका मिशन के डीएम स्किल तृप्ति राय, ब्लॉक मैनेजर आदेश




पाठक एवं नीरज सिंह बघेल सहा. प्रबंधक, राजेश शर्मा, रणवीर जाटव एवं समस्त सी एल एफ प्रेरकों के सहयोग से सम्पूर्ण हुआ।अगला भर्ती कैम्प 06-06-2023 बीआरसी भवन जनपद पंचायत बदरवास, 07-06-2023 जनपद पंचायत कोलारस, 08-06-2023 को 26नम्बर कोठी फतेहपुर रोड शिवपुरी , में कैम्प रखा जायेगा इच्छुक उम्मीदवार जो 10 वी पास , उम्र19 से 45 वर्ष , वजन 55 से 90 किलो तक ऊँचाई 168 सेमी. हो वे इन स्थानों पर अंकसूची की फोटोकॉपी, (250 रुपये) रजिस्ट्रेशन फार्म फीस केवल चयनित उम्मीदवारों के लिए) आधार कार्ड की फोटोकॉपी के साथ उपस्थित हो।

# नपा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने पाथाखेड़ा एवं शोभापुर सेक्टर की महिलाओं को बांटे मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के स्वीकृति पत्रक

**दो दिनों में सभी पात्र हितग्राही महिलाओं को बांटे जाएंगे स्वीकृति पत्र, 10 जून को प्राप्त होगी प्रथम किस्त, नपाध्यक्ष ने संबंल व अन्य योजनाओं से जुड़ने का किया आग्रह।**

**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा सोमवार 05 जून 2023 को पाथाखेड़ा एवं शोभापुर सेक्टर में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की पात्र हितग्राही महिलाओं को स्वीकृति पत्रों का वितरण किया। दो अलग-अलग कार्यक्रमों में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, पार्षदगणों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति कार्यक्रम आयोजित किया गया।पाथाखेड़ा स्थित अटल बिहारी वाजपेयी फुटबाल ग्राउंड में स्थित नगर पालिका के मंगल भवन में पाथाखेड़ा सेक्टर की महिलाओं को स्वीकृति पत्र वितरीत करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र पांसे, विधायक प्रतिनिधि रंजीत सिंह, सभापति भीम बहादुर थापा, गणेश महस्की, पार्षद योगेश बर्डे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम, नोडल अधिकारी कमलेश पटेल, सेक्टर सुपरवाइजर रश्मि



अकोदिया, भाजपा के जिला महामंत्री कमलेश सिंह, भाजपा के मंडल अध्यक्ष नागेंद्र निगम, जीपी सिंह, शीबू सिंह, संदीप झपाटे, राजेश पटैया, संजय बिंझाड़े, सुनील समेत अन्य लोग उपस्थित थे। पाथाखेड़ा के मंगल भवन में वार्ड 14 से वार्ड 18 तक की महिलाओं को स्वीकृति पत्रों का वितरण किया गया। इसी तरह शोभापुर कॉलोनी स्थित विवेकवाणी स्थित नगर पालिका के मंगल भवन में भी वार्ड 31 से वार्ड 35 तक की पात्र हितग्राही महिलाओं के लिए स्वीकृति पत्र वितरीत करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुरूआत योजना शाखा के सभापति भीमबहादुर थापा ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संदेष के वाचन के साथ की। इस अवसर नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि लाड़ली बहना योजना समाज में नई क्रांति लेकर आएगी। उन्होंने महिलाओं से संबल जैसी योजनाओं से भी जुड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा सरकार महिला सशक्तिगरण के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने महिलाओं को शासन की कई योजनाएं गिनाईं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसी भी योजना का लाभ लेने के लिए वे वार्ड पार्षद, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष से सीधे संपर्क कर सकते हैं। नपा के प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी हितग्राही की पूरी मदद करेंगे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन नपा उपाध्यक्ष जगदीश पवार ने किया। इस मौके पर काफी संख्या में महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं, सहायिकाएं एवं नपा के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

# केजरीवाल की महारैली हेतु आम आदमी पार्टी ने दिया आमंत्रण पत्र

**मंदसौर**-- ग्वालियर में अरविंद केजरीवाल की 25 जून की महारैली के लिए आम आदमी पार्टी तैयारी कर रही हैं इसमें सुवासरा विधानसभा में लोकसभा सचिव दीपक वेद, लोकसभा उपाध्यक्ष सत्यनारायण रेबारी, ब्लॉक अध्यक्ष सीतामऊ किशोर पाटीदार ,योगेंद्र पाटीदार ,पूरणमल पाटीदार ने महारैली में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को ले जाने के लिए कर्णपुरा,बरखेड़ा,फतेहपुरी चिकली,सेदरा माता,बिशनिया, महूवी आदि गांव मैं आमंत्रण पत्र दिया और गरोठ भानपुरा विधानसभा से जिला सहसचिव सुरेश चौहान के द्वारा ग्राम



नीमथूर,गोरधनपुरा,रामनगर, सानडा ढाबला,माधोसिंह आदि में जनसंपर्क किया एवं केजरीवाल की महारैली में आने का आमंत्रण पत्र दिया। इसी क्रम में मल्हारगढ़ विधानसभा में जिला उपाध्यक्ष विकास सोलंकी के नेतृत्व में जिला अजाविंग गोपाल सूर्यवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष मल्हारगढ़ गोपाल धाकड़ ने ग्राम सेमलिया काजी, कुचड़ोद, रातीखेड़ी, निपानिया, धमनार में जनसंपर्क कर सर्कल प्रभारियों को नियुक्ति पत्र दिया, इसमें कुचडोद सर्कल से एडवोकेट दीपक प्रजापत, बडवन सर्कल से रामनिवास धाकड़ एवं सेमलिया काजी सर्कल से संजय राठौर को नियुक्ति पत्र देकर शपथ दिलाई एवं प्रत्येक सर्कल से 10 लोगों को महारैली में ले जाने की जिम्मेदारी दी।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शिक्षिका ने लगाए पौधे,लिया स्वच्छता का संकल्प

**मंदसौर**-- सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के मल्हारगढ़ तहसील के गाँव गरनाई के शासकीय माध्यमिक विद्यालय गरनाई मे आदर्श शिक्षिका ललिता सिसोदिया द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण को खुशहाल बनाने के लिए विद्यालय परिसर तथा आसपास के क्षेत्र के मंदिर प्रांगण में पौधे



लगाकर ओर पर्यावरण के प्रति स्वच्छता का संकल्प लिया।ओर लोगो को भी संदेश दिया कि प्रकर्ति को खुशहाल एवं स्वच्छ वातावरण के लिए हमेशा पेड़ पौधे लगाकर मानव जीवन को खुशहाल एवं शुद्ध वायु के लिए हमेशा पौधे लगाना चाहिए क्योंकि पेड़ से ही हवा है और पेड़ो से ही बारिश होती है इसलिए पेड़ पौधे लगाकर पर्यवरण के प्रति हम सबको जागरूक होना पड़ेगा।

# कांग्रेस जनों एवं संत कबीर के अनुयायियों ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनायी संत कबीर की जयंती

## जिंदगी के यथार्थ का समावेश है संत कबीर की रचनाओं में

संत कबीरदास जी की जयंती पर आज कांग्रेसजनों और संत कबीर के अनुयायी कोरी/कोली समाज के नागरिकों ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संत कबीर दास जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया।कांग्रेस पदाधिकारियों और कबीर के अनुयायियों ने संत करीब की वाणी पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुये उनके लिखे विचारों का बखान करते हुये कहा कि संत कबीर दास हिंदी साहित्य के ऐसे कवि थे, जिन्होंने समाज में फैले आडंबरों को अपनी लेखनी के जरिए उस पर कुठाराघात किया था। संत कबीरदास जी ने आजीवन समाज में फैली बुराइयों और अंधविश्वास की निंदा करते रहे। कबीरदास जी न सिर्फ एक संत थे बल्कि वे एक विचारक और समाज सुधारक भी थे। उन्होंने अपने दोहों के माध्यम से जीवन जीने की कई सीख दी हैं। इनके दोहे अत्यंत सरल भाषा में थे, जिसके कारण उन दोहों को कोई भी आसानी से समझ सकता है। आज भी लोग इनके दोहे गुनगुनाते हैं।



दुख में सुमरन सब करें, सुख में करे न कोय, जो सुख में सुमरन करे तो दुख काहे को होय। संत कबीर की रचनाओं में जिंदगी के यथार्थ का समावेश है। हर साल ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा तिथि को संत कबीर दास जी की जयंती मनाई जाती है। संत कबीरदास के जन्म के विषय में कुछ भी सटीकता से नहीं कहा जाता है। कबीर दास जी के जन्म के विषय में कई मतभेद मिलते हैं। कुछ तथ्यों के आधार पर माना जाता है कि इनका जन्म रामानंद गुरु के आशीर्वाद से एक विधवा ब्राह्मणी के गर्भ से हुआ था और लोक-लाज के भय से उसने कबीरदास को काशी के समक्ष लहरतारा नामक तालाब के पास छोड़ दिया था, जिसके बाद उस राह से गुजर रहे लेई और लोइमा नामक जुलाहे ने इनका पालन-पोषण किया। वहीं कुछ विद्वानों का मत है कि कबीरदास का पालन पोषण मुस्लिम परिवार में हुआ और गुरु रामानंद से राम नाम का ज्ञान प्राप्त हुआ था।इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्षगण सर्वश्री चंद्रप्रभाष शेखर, राजीव सिंह, प्रकाश जैन, जे.पी. धनोपिया, डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान, गुरमीत सिंह मंगू, शहरयार खान, विवेक त्रिपाठी, मप्र कांग्रेस कोली समाज समन्वय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रघुवीर कोली, समाज के गणमान्य नागरिक सेवानिवृत्त डीएसपी एस.के. पंथी, अमरदीप कंसोरिया, विपिन कोरी, गोविंद पंथी, अमृत कबीरिया, देवेन्द्र शाक्य, अलीम खान, बी.डी. भकोरिया, के.के. माहौर, बृजलाल साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन और कबीर के अनुयायी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस प्रवक्ता एवं कार्यक्रम समन्वयक आनंद तारण ने किया।

# प्रियंका गांधी की रैली के लिए महिला कांग्रेस की बैठक संपन्न







**शहडोल** ।12 जून को जबलपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी की रैली को लेकर जिला महिला कांग्रेस शहडोल की बैठक संपन्न हुई बैठक में विशेष रूप में महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष विभा पटेल शहडोल जिला महिला कांग्रेस की प्रभारी शोभा उपाध्याय उपस्थित रहे बैठक में रैली के लिए रूपरेखा तैयार की गई जिसमें जिला अध्यक्ष संध्या सिंह राजलक्ष्मी जमना मरावी जिला कार्यकारिणी के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे

# छात्र नेता रवि ने जमानत की राशि के लिए पीएनवी से लगाई लोन देने की गुहार, कहा- मैं नीरव मोदी की तरह देश छोड़कर नहीं भागूँगा

## नर्सिंग घोटाले के खिलाफ आवाज उठाना पड़ा भारी, छात्र नेता रवि परमार को फिर से दस हजार रुपए जमा करने के निर्देश

**भोपाल** - मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। एनएसयूआई मेडिकल विंग के संयोजक व छात्र नेता रवि परमार सोमवार दोपहर नर्सिंग स्टूडेंट्स को लेकर पीएनबी मुख्यलय पहुंचे। रवि परमार ने पीएनबी बैंक से 10 हजार रुपए लोन देने की गुहार लगाई है, ताकि वे जमानत की राशि भर सकें।पीएनबी बैंक के शाखा प्रबंधक को संबोधित पत्र में रवि परमार ने लिखा है कि, मैं रवि परमार छात्र नेता भारतीय राष्टीय छात्र संगठन ( एनएसयूआई ) से जुड़ा हुं। महोदय को ज्ञात हो कि हाल ही में मध्य प्रदेश में नर्सिंग घोटाला हुआ है जिसकी वजह से लाखों छात्र-छात्राओं का भविष्य दांव पर लगा हुआ है। चूंकि मैं स्वयं एक नर्सिंग छात्र हूं, नर्सिंग के सभी छात्र छात्राएं मेरे छोटे भाई बहन हैं। प्रदेश के नर्सिंग छात्र-छात्राओं की समस्याओं को देखते हुए उनके भविष्य को सुरक्षित करने के और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर मैंने आवाज उठाई। इसके बाद पुलिस प्रशासन द्वारा मंत्रियों (काले वाले मंत्री) के कहने पर मेरे ऊपर ढेर सारे मुकदमें दर्ज कर दिए गए।लोन के लिए आवेदन पत्र में रवि परमार ने


### नर्सिंग स्टूडेंट्स को लेकर पीएनबी ऑफिस पहुंचे छात्र नेता रवि परमार, शाखा प्रबंधक से की लोन देने की गुजारिश

आगे लिखा, नर्सिंग छात्रों के भविष्य के लिए आवाज उठाने के कारण मुझे 5 से ज्यादा बार पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं 2-3 बार जेल भेज चुकी है। लेकिन अभी तक फर्जी नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। नर्सिंग कॉलेजों के फर्जीवाड़े की वजह मेरे छोटे भाई बहनों की तीन वर्षों से परीक्षाएं नहीं हुई। वे पिछले तीन वर्षों से फर्स्ट ईयर में ही हैं, जबकि उन्हें थर्ड



ईयर में होना चाहिए।आवदेन पत्र में आगे लिखा है कि, नर्सिंग की पढ़ाई के लिए जिन स्टूडेंट्स ने लोन लिया था, उनकी जल्द ही किस्तें भी शुरू हो जाएगी। लेकिन नौकरी तो दूर डिग्री मिलने तक की संभावना नहीं दिख रही। पूर्व नर्सिंग छात्र होने के नाते मुझे नर्सिंग के सभी छात्र छात्राओं की अत्यधिक चिंता है और उनकी परेशानियां देखकर मैं तनावग्रस्त हो गया हूं। क्योंकि अधिकांश छात्र छात्राएं किसान परिवार और निम्न मध्यम वर्ग से हैं और लाखों रुपए फीस भरने के बाद भी वो अभी सिर्फ 12वीं पास हैं। ऐसे में उनकी पढ़ाई और करियर अधर में लटकी हुई है। लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।लोन के लिए आवेदन में रवि परमार ने भाजपा के मंत्रियों पर निशाना साधते हुए लिखा, इन सब के बीच अब मुझे शिक्षा माफियाओं द्वारा नर्सिंग छात्र-छात्राओं की लड़ाई लड़ने से रोकने का प्रयास किया जा रहा है। इसी मंशा के साथ पुलिस प्रशासन द्वारा मुझे 10 हजार रुपए की राशि 06 जून 2023 दोपहर 12 बजे तक जमा करने का आदेश जारी किया गया है। अन्यथा मुझे 6 माह के लिए कारावास में बंद करने के आदेश दिए गए हैं। मैं एक मध्यम वर्गीय परिवार से आता हूं और 10 हजार रुपए जमा करने की आर्थिक स्थिति में नहीं हूं। आप मुझे आपके बैंक से 10 हजार रुपए का लोन देने की कृपा करें। मैं देश का एक जिम्मेदार नागरिक हूं और संविधानिक मूल्यों के साथ साथ नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में सबसे ऊपर रखता हूंपरमार ने बैंक को भरोसा दिलाया है कि लोन की रकम लेकर वह नीरव मोदी की तरह देश छोड़कर नहीं भागेंगे, बल्की बैंक के नियम अनुसार सूत-समेत चुकाएंगे। परमार ने गुजारिश करते हुए लिखा कि यदि आप मुझे 10 हजार रुपए लोन देंगे तो न सिर्फ मैं झूठे मुकदमे में जेल जाने से बच जाऊंगा, बल्की मैं लाखों नर्सिंग छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ भी नहीं होने दूंगा। साथ ही दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई भी करवा सकूंगा। इस दयाभरी कार्य के लिए मैं और मेरे सभी छोटे भाई बहन (नर्सिंग छात्र छात्राएं) हमेशा आपके आभारी रहेंगे।इस मौके पर राजवीर सिंह ईश्वर चौहान जितेंद्र विश्वकर्मा डा रामबाबू नागर रितिक शर्मा ईश्वर तोमर यामिर अंसारी धीरज सूरज यादव मोहित विश्वकर्मा लखन तोमर पवन पवार अनित सिंह देवेंद्र सोनारे ऋषि सिंह राहुल सिंह विशाल राय सहित नर्सिंग छात्र छात्राएं उपस्थित थे

## कल सरकारी बाग़ हनुमान जी मंदिर पर बजरंग दल मौ द्वारा किया गया सुन्दर कांड का आयोजन



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ.बेताल सिंह गौड़**
कल सरकारी बजरंग बली हनुमान मंदिर पर सभी बजरंग दल के कार्यकर्ता एवं भक्त प्रेमियों ने सुंदरकांड का पाठ कर हनुमान जी के जयकारे लगाकर किया कार्यक्रम जिसमे उपस्थित रहे जिला संयोजक अतुल राजपूत प्रखंड अध्यक्ष आकाश कुशवाह उपाध्यक्ष रिंकू यादव प्रखंड मंत्री पवन राठौर प्रखंड संयोजक सतीश परिहार महेश कुशवाह एवं समस्त बजरंग दल कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## रेवान्यास सभागृह मे दिव्यांग सहायता समारोह आयोजित होगा



**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**
**खरगोन** – मानवाधिकार सुरक्षा संघ जिला खरगोन के तत्वाधान में आर्थिक रूप से कमजोर तबके के दिव्यांग व्यक्तियों को वस्त्र दान किए जाएंगे एवम् भोजन कराया जायेगा।जिलास्तरीय इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि और विशेष अतिथियो के समक्ष दिव्यांग जनों का सम्मान होगा।कार्यक्रम स्थल जैतापुर स्तिथ मां रेवान्यास सभागृह खरगोन में आयोजित होगा।कार्यक्रम के मुख्य आयोजन कर्ता जिलाध्यक्ष कमल कुमार गांगले, राकेश पंड्या,संजू बामनिया, सुनील दवाने,नीरज मेहता,रूपेश प्रजापत,आदि है।

## खिन्नी सरकार हनुमान मंदिर पर दिव्य श्री राम कथा का आयोजन 9 जून से प्रारंभ




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
गोहद विधानसभा क्षेत्र के गंगा दास का पुरा में श्री खिन्नी सरकार हनुमान मंदिर पर दिव्य श्री राम कथा का आयोजन आषाढ़ कृष्ण पक्ष दिनांक 9 जून शुक्रवार से प्रारंभ होकर आषाढ़ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी दिनांक 17 जून तक निरंतर चलेगा एवं 18 जून को भंडारा आयोजित होगा खिन्नी सरकार हनुमान मंदिर के चरण सेवक राकेश कुशवाहा भगत जी ने बताया सिद्ध श्री राम कथा 9 जुन शुक्रवार से प्रारंभ होगी जिसमें कथावाचक पंडित श्री अरुण महाराज जयपुर राजस्थान द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को पहुंचने की अपील की है

## दिन भर लगा रहा ग्रामीण अध्यक्ष के निवास पर कार्यकर्ताओं का जमावड़ा



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**ग्वालियर।**भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा के निवास पर दिन भर समर्थको का जमावड़ा बना रहा इसी क्रम में बिलौआ मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के द्वारा निवास पहुचकर भव्य रूप से जन्मदिन मनाया गया इस मौके पर मंडल अध्यक्ष बिलौआ अरविंद शर्मा , जिला संयोजक व्यापारी प्रकोष्ठ वीरेंद्र चौरसिया,जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा रामगोपाल मिलन,कमल किशोर चौरसिया,रवि भदौरिया,मोहन लाल चौरसिया एवं अन्य पार्टी के साथियों ने निवास पहुंचकर बधाई दी

### जिला सचिव परिहार के जन्मदिन पर बधाई देने वालों का लगा रहा तांता

# क्षेत्रीय विधायक व जिलाध्यक्ष ने केक खिला कर दी जन्मदिन की बधाई

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**राजेंद्र ने अपने जन्मदिन पर बधाई देने वालों का जताया आभार**

**गोहद,,,** कांग्रेस पार्टी के नौजवान युवा नेता राजेंद्र सिंह परिहार के जन्मदिन पर उनके गृह नगर गोहद के सिंचाई विभाग विश्राम ग्रह पर रखे गए एक विशाल बब्बू जन्मदिन कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक व जिला अध्यक्ष सहित सभी पार्टी पदाधिकारियों का इष्ट मित्रों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दीइस मौके पर क्षेत्रीय विधायक मेवाराम जाटव ने कहा मुझे खुशी है कि पार्टी के युवा नेता जिला सचिव राजेंद्र सिंह परिहार ने कम उम्र कम समय में इतनी जल्दी राजनीति की सीढ़ियां चढ़ने का जो ख्वाब उन्होंने अपने मन में जगाया है वह वाकई तारीफ काबिल है क्योंकि कई युवा नेता राजनीति तो कर रहे हैं पर उनके अंदर राजनीति करने का हुनर राजेंद्र सिंह जैसा नहीं दिखता इसलिए मैं ईश्वर से यही प्रार्थना करता हूं कि आने वाले समय इन्हें कामयाबी के साथ-साथ नई नई सीढ़ियां चढ़ने का इनके अंदर जज्बा पैदा करेंइस कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने कहां राजनीति तो मैं भी कई समय से कर रहा हूं लेकिन मुझे पार्टी के वरिष्ठ जनों तक संपर्क बनाने में काफी समय लग गया लेकिन पार्टी के जिला सचिव राजेंद्र सिंह परिहार ने आज वह कहावत सिद्ध करके दिखा दी है जिसे कहते हैं गागर में सागर भरना यानी कम उम्र में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं तक पहुंचना फिर उनसे संपर्क बनाना एक बड़ी बात हो जाती है इसलिए मुझे खुशी ही नहीं बल्कि विश्वास भी है कि इस कांग्रेस पार्टी को एक होना संघर्षशील युवा नेता मिला है इसलिए मैं ईश्वर से यही प्रार्थना करूंगा कि इस होनहार युवा नेता राजेंद्र के आने वाले समय में कामयाबी इन्हें गले लगाती रहेइसके साथ ही जन्मदिन के उपलक्ष में बधाई देने के लिए उपस्थित सभी वरिष्ठ जनों एवं पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं इष्ट मित्रों का जिला सचिव राजेंद्र सिंह परिहार अपने तहे दिल से आभार प्रकट किया इस अवसर पर बधाई देने वालो मैंनेता प्रतिपक्ष माननीय डॉ गोविंद सिंह जी विधायक लहार कांग्रेस नेता देवाशीष जरारिया लोकसभा प्रत्याशी भिंड दतिया कांग्रेस नेता डॉ हीरालाल अलावा विधायक मनावर कांग्रेस नेता अनिरुद्ध प्रताप सिंह प्रदेश प्रवक्ता स्वदेश शर्मा प्रदेश प्रवक्ता रवि राहुल वर्मा जयस प्रवक्ता रविराज बघेल जयेश कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर राजू पटेल आशीर्वाद शर्मा महासचिव कांग्रेस भिंड शालू पुरोहित प्रदेश सचिव युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आशीष गुर्जर कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष गणेश राम शर्मा नगर कांग्रेस कमेटी विनय मुद्गल मालनपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संग्राम सिंह तोमर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप यादव राकेश तोमर कुलदीप गुर्जर जी जिला महासचिव कांग्रेस नेता श्री केशव देसाई जिला पंचायत सदस्य कांग्रेस नेता धर्मवीर दिनकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य दीदी श्रीमती रेखा बसेड़िया कांग्रेस नेता अमर सिंह कैलाश माहौर मयूर पठान ब रमजान खान बृजेश चौरसिया अवधेश शुक्ला जिला सचिव विजय निगम जिला महासचिव बबलू भैया भाई जीतू गुर्जर भाई महेश कौशल विजय राठौर धर्मेंद्र माहौर गौरव कोली पवन राठौर विशाल बाथम उदय परिहार सुनील माहोर सूरज प्रजापति चौधरी राजू सिंह राठौर योगेश सिंह परिहार मुनेश सिंह परिहार प्रताप परिहार राजा परिहार आकाश परिहार रिंकू परिहार अभिषेक निगम आकाश परिहार आकाश परिहार जोगेंद्र परिहार कमल सिंह परिहार मनीष परिहार आनंद प्रजापति देव प्रजापतितेज सिंह जादौन सुनील माहोर कृष्ण माहोर उपस्थित पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी इष्ट मित्रों में



# 51 प्रतिशत वोट का लक्ष्य लेकर कार्यकर्ता जुट जाएं चुनावी समर में :हितानंद शर्मा




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
गोहद आकांक्षी विधानसभा की बैठक मालनपुर के होटल रिजेंसी में सम्पन हुई बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई। संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने कार्यकर्ताओं को बूथ सशक्तिकरण एवं आगामी 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराने एवं जनता पार्टी की सरकार बनाने के लिए संगठित होकर 51त्न से अधिक मत लाना हर कार्यकर्ता को जिम्मेदारी दी जाना है । हर समाज के व्यक्ति के साथ संपर्क बनाते हुए पार्टी की विचारधारा से जोड़ना है एवं लाभार्थियों और केंद्र सरकार की 9 वर्ष की योजनाओं से अवगत कराना है। बैठक में मुख्य रूप से अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य, , सांसद श्रीमती संध्या राय , जिला अध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया , जिला प्रभारी जयप्रकाश राजोरिया, पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेन्द्र बरुआ, निगम अध्यक्ष रणवीर जी जाटव, मण्डल अध्यक्ष विवेक जैन, रवि शर्मा, दीपक तोमर के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

## खरगोन जिला प्रशासन टीम की शानदार जीत



**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**
खरगोन जिला प्रशासन टिम में खरगोन कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा खरगोन एसपी धर्मवीर सिंह यादव दोनों प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा शानदार पारी की शुरुआत की 10 ओवर में 148 रन बनाए खरगोन एसडीएम ओमनारायण सिंह ने 54 रन की शानदार पारी खेली पत्रकार इलेवन की 10 ओवर में 101 रन बना पाई वरिष्ठ पत्रकार मनोज रघुवंशी ने जिला प्रशासन की ओपनिंग जोड़ी कलेक्टर और एसपी को तीसरे ओवर में दोनों विकेट ले लिए उसके बाद खरगोन जिला प्रशासन की टीम ने धुआंधार बल्लेबाजी कर 148 रन बना लिए

### वोपारी गांव में जयकारों के बीच हुई प्रतिभाओं की प्रतिष्ठा

# प्रतिष्ठा महोत्सव मंदिर में विराजी आईमाता

**पुष्पाजंली टुडे**
**नारायणलाल सेणचा**

**पाली** ।वोपारी गांव में नवनिर्मित आई माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं समाज भवन के उद्घाटन समारोह के तहत आयोजित नवदिवसीय महोत्सव के तहत बुधवार को दिनभर कई धार्मिक कार्यक्रम हुए। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागीदारी निभाई। ग्राम में दिनभर मेले सा माहौल रहा। आस -पास गांवों के ग्रामीणों के अलावा प्रवासी बंधुओं ने भी आयोजन में शिरकत की। आईमाता के जयकारे से वोपारी गांव गूंज उठा। मंदिर समिति अध्यक्ष चेनाराम चोयल ने बताया कि महोत्सव के तहत आचार्य पं किशनचन्द्र ओझा के आचार्यत्व में आयोजित यज्ञ में मुख्य यजमानों सहित श्रद्धालुओं ने यज्ञ में सपत्नीक पूर्णाहुति देकर धर्मलाभ अर्जित किया। पुष्प वर्षा के साथ मंदिर में आईमाता सहित विभिन्न देवी देवताओं की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा ,पाट स्थापना, अखंड ज्योत स्थापना के साथ मंदिर शिखर पर कलश व अमर ध्वजा की स्थापना की गई। इस मौके आईमाता के जयकारों से वातावरण धर्ममयी बन गया । इस मौके आयोजित धर्मसभा में सीरवी समाज धर्मगुरु दीवान माधवसिंह ने कहा कि परोपकार की जड़ सदैव हरी होती है। उन्होंने कहा कि अच्छे कर्मो का फल अच्छा ही मिलता है। समय -समय ऐसे धार्मिक आयोजन होते रहते है । जिसमें मन बेहद प्रसन्न होता है । दीवान ने कहा कि सीरवी समाज वोपारी ने बडेर के साथ भवन की प्रतिष्ठा कर रहे है। ये वोपारी गांव के लिए गौरव की बात है । श्रद्धालुओं ने आईमाता मंदिर निर्माण कर अपने धर्म एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने का बहुत अच्छा कार्य किया । दिवान ने आईपंथ के नियमों की पालना करने पर जोर दिया । उन्होनें कहा कि जिस स्थान पर देवी देवताओं की आस्था के नियमित पूजा अर्चना की जाती है। वहां किसी प्रकार का संकट नही मंडराता। समाज के लोग जहां भी बसे है। वहां माताजी के मंदिरों का निर्माण करवाकर अपनी संस्कृति से जुड़े हुए है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की दृष्टि से पिछड़े होने के बावजूद सीरवी समाज के लोगों ने आर्थिक प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ते हुए यह साबित कर दिखाया । महोत्सव के तहत आयोजित महामंगललारती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया । तत्पश्चात महाप्रसादी का आयोजन हुआ जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भागीदारी निभाई। प्राण प्रतिष्ठा-महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने धर्मगुरू दीवान का बहुमान किया । रात्रि भजन संध्या में सुप्रसिद्ध गायक कलाकार गजेन्द्र जी राव ने एक बढ़ कर एक सुरीली आवाज में शानदार प्रस्तुतियां दी, भजन संध्या के दौरान सीरवी महासभा के अध्यक्ष पी.पी.चौधरी सांसद पाली, बीजेपी राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी, पूर्व विधायक केशाराम चौधरी, पंचायत समिति सदस्य पुनाराम चौधरी, सज्जन चौधरी,युवा नेता विजय मरूधर, सोजत विधायिका श्रीमती शोभा चौहान, एवं विभिन्न राजनैतिक दलों से पधारे पदाधिकारियों का मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कमेंट द्वारा माला साफा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष चेनाराम चोयल उपाध्यक्ष मोहनलाल चोयल, हरीराम चोयल, प्रतापमल पंवार, सूजाराम चोयल, सचिव नारायणलाल पंवार, सहसचिव उम्मेदराम चोयल, मगाराम पंवार, कोषाध्यक्ष थानाराम चोयल सह-कोषाध्यक्ष वालाराम पंवार, पन्नालाल चोयल, कोटवाल वेनाराम चोयल, जमादारी पूनाराम चोयल, सलाहकार वेनाराम चोयल, डुगाराम चोयल, थानाराम चोयल, वालाराम सानपरा, भुण्डाराम चोयल एवं सदस्य चुन्नीलाल पवार, अमराराम पंवार, सुजाराम पंवार, मांगीलाल चोयल, चेनाराम काग,मागीलाल चोयल एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य एवं ट्रस्टीगण समस्त पंचगण वोपारी सहित समाज के गणमान्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### पत्रकारों की सुरक्षा एवं सम्मान की जिम्मेदारी सरकार की है : पंकज त्रिपाठी

# प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने कहा कि उन्हें पत्रकारिता के क्षेत्र में काफी समय हो गया है, लेकिन आज जैसे हालात पहले कभी नहीं देखे सुने हैं वरिष्ठ पत्रकार पंकज त्रिपाठी ने कहा कि लोकतंत्र को सुरक्षित रखने के लिए जनहित में निष्पक्ष पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों और उनके परिवारजनों को कुछ वर्षों से अचानक एक के बाद एक अनेकों तरह से प्रताड़ित किए जाने की आये दिन खबरें देखने व सुनने को मिलती है । श्री त्रिपाठी ने कहा कि कुछ वर्षों से पत्रकारों के साथ घटित हो रही घटनाओं जैसे कि मारपीट, हमले. धमकियां, हत्या, फर्जी झूठे मुकद्मों से पत्रकार और उनके परिवारजनों का जीना दुस्वार हो गया है. यहां तक कि पत्रकारों के साथ बेइंतहा होते शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक उत्पीड़न अत्याचार से पत्रकारों एवं उनके परिवारजनों में डर, दहशत एवं भय का माहौल बनता जा रहा है लगातार होते पत्रकारों एवं उनके परिवारजनों के साथ दुर्व्यवहार के कारण स्वतंत्र एवं निष्पक्ष पत्रकारिता में बड़ा व्यवधान पड़ रहा है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि आज के समय में हालात ऐसे हैं कि पत्रकारजनों को अपने साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने का डर बना रहता है, जो कि आजाद भारत में लोकतंत्र के लिए बहुत बड़ा खतरा है। पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार की घटनायें निंदनीय विषय है। जिस पर बिना समय गवायें केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकारों को अविलंब सकारात्मक निर्णय लेना अति आवश्यक है। भारत सरकार व प्रदेश सरकार से मैं देश के सभी पत्रकारों की ओर से पत्रकारों की सुरक्षा एवं सम्मान की पुरजोर मांग करते हैं ।संघ जिलाध्यक्ष उमाकांत शर्मा व जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि देश में बढ़ते पत्रकार उत्पीड़न को लेकर सरकार शीघ्र ठोस कदम उठाये अन्यथा जनहित की आवाज उठाने वाले शासन की जनकल्याणकारी योजनओं को आमजन तक पहुंचाने वाले शांतप्रिय, बुद्धिजीवी पत्रकारजन अपनी सुरक्षा एवं सम्मान के लिए सड़कों पर आन्दोलन करने के लिए विवश होंगे जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी ।

बिन्दुवार मुख्य मांगें-

1- वरिष्ठ पत्रकार जिनकी आयु 55 वर्ष से अधिक है। दस हजार (10,000)) रुपये एवं 60 वर्ष से अधिक है, उन्हें पन्द्रह हजार (15.000) रुपये मासिक जीवन भत्ता दिया जाये

2- पत्रकार पत्रकारिता (ऑन ड्यूटी) करते समय मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता वाले पत्रकार के निधन होने पर परिजनों को बीस लाख (20.00.000/-) रुपये एवं प्रेस से जुड़े हुए किसी भी कर्मचारी का ऑनड्यूटी निधन होने पर दस लाख (10.00,000/- रूपये की आर्थिक सहायता तुरन्त की जाये ।

3- पत्रकारों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध होने से पहले उच्च स्तरीय अधिकारियों की जांच के पश्चात मामाला पंजीबद्ध किया जाये बिना जांच किये मामला पंजीबद्ध करने वाले अधिकारी को निलंबित किया जाकर उक्त प्रकरण की वरिष्ठ अधिकारी से सही जाँच करने के बाद ही मामला दर्ज किया जाये ।

4- पत्रकार को झूठे प्रकरण में फंसाने या फंसाने वाले व्यक्ति पर तुरन्त मुकद्दमा दर्ज किया जकार पीड़ित पत्रकार को दो लाख (2,00,000/-) रुपये मुआवजा दिया जाये अथवा झूठा प्रकरण दर्ज करने या कराने वाले से दिलाया जाये ।

5- पत्रकार को अपमानित या प्रताड़ित करने वाले व्यक्ति पर तुरन्त प्रकरण दर्ज किया जाकर पीड़ित पत्रकार को पांच लाख (5.00.000/-) रुपये दिये जायें अथवा अपमानित करने वाले व्यक्ति से दिलवाये जायें ।

6- पत्रकारों को शस्त्र लाइसेंस बनवाने में प्राथमिकता देते हुए शस्त्र लाइसेंस आवेदन करने के दिनांक से 3 माह (90 दिन) के भीतर शस्त्र लाइसेंस जारी किया जाये ।

7- मान्यता प्राप्त एवं गैरमान्यता वाले सभी पत्रकारों को जिला स्तरीय पत्रकारों को पूरे जिले में एवं प्रदेश स्तरीय पत्रकारों को पूरे प्रदेश के सभी टोल पर वैध प्रेस कार्ड दिखाने पर चार पहिया वाहनों पर टोल शुल्क से पूर्णतः मुक्त किया जाये ।

8- शासकीय एवं प्राइवेट बड़े अस्पतालों में मान्यता प्राप्त एवं गैरमान्यता वाले सभी पत्रकारों के लिए शासकीय अस्पताल में पांच पलंग एवं प्राइवेट बड़े अस्पताल में दो पलंग वाला 1 पत्रकार वार्ड की व्यवस्था कराई जाये ।

9- भवन निर्माण हेतु शासकीय योजना अंतर्गत रियायती दरों पर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को पच्चीस लाख (25,00,000/-) रुपये एवं गैर मान्यता वाले पत्रकार को पन्द्रह लाख (15,00,000/-) रूपये से अधिक का ऋण उपलब्ध कराया जाये ।

10- केन्द्र में राष्ट्रीय पत्रकार आयोग एवं सभी राज्यों में राज्य पत्रकार आयोग का गठन किया जाये, जिसमें 11 सदस्यीय (एक अध्यक्ष, 2 उपाध्यक्ष, 8 सदस्य) शामिल किये जायें । केबिनेट एवं राज्यमंत्री का दर्जा दिया जाये । राष्ट्रीय एवं राज्य पत्रकार आयोग में प्रेस/मीडिया से जुड़े लोग ही शामिल किये जायें।

11- जिला स्तर पर प्रतिमाह कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक एवं पत्रकारों की एक बैठक नियमित / अनिवार्य किए जाने का शासकीय नियम बनाया जाये। ज्ञापन नायब तहसीलदार रामलोचन तिवारी ने लिया।

उक्त मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की है। ज्ञापनकर्ताओं में मुख्य रूप से संघ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी, संघ जिलाध्यक्ष उमाकांत शर्मा,जिला उपाध्यक्ष संजीव शर्मा,भारत सिंह रावत,अमरकांत सिंह चौहान,जितेंद्र सिंह यादव,मनोज श्रीवास,सतेंद्र सिंह यादव,अरविंद शर्मा, कपिल त्रिपाठी,अनिल दुबे,राजू सिरोठिया गोपाल शर्मा,संजीव सिंह चौहान,सुनील कांकर सहित कई पत्रकार शामिल हुए ।



संपादकीय

## रेल लाइन पर मौत का तांडव

ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार को दो यात्री गाड़ियों व एक मालगाड़ी की भिड़ंत से हुए भीषण ट्रेन हादसे ने देश के अंतर्मन को गहरे तक आहत किया है। 21वीं सदी के विज्ञान के युग में सिग्नल की चूक से तकरीबन तीन सौ निर्दोष लोग मौत के मुंह में चले जाएं, इससे दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं हो सकता। एक हजार से अधिक लोग घायल हुए हैं और कुछ लोग दुर्घटना की त्रासदी से जीवनपर्यंत नहीं उबर पायेंगे। उच्चस्तरीय जांच की बात कही जा रही है, लेकिन इतना तो तय है कि यदि कहीं चूक हुई तो उसके मूल में लापरवाही है। यदि तोड़फोड़ की आशंका है तो हम क्यों रेलों का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित नहीं कर पा रहे हैं। अब सीबीआई जांच समेत कई तरह की घोषणाएं की जा रही हैं लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि देश की बड़ी दुर्घटनाओं में शामिल इस हादसे के मूल में बड़ी मानवीय चूक है। सरकार की तरफ से कहा जा रहा है कि दोषियों को सख्त सजा दी जाएगी लेकिन रेल मंत्रालय का शीर्ष नेतृत्व क्या अपनी जवाबदेही से मुक्त हो सकता है? क्या राजनीतिक नेतृत्व में लाल बहादुर शास्त्री जैसी नैतिकता के अनुसरण का साहस नहीं होना चाहिए? सवाल यह भी है कि आजादी के सात दशक बाद भी देश के रेल नेटवर्क को हम उस कवच सिस्टम के तहत लाने में सक्षम नहीं हुए जो आमने–सामने की ट्रेनों की टक्कर रोकने में कारगर हो सकता है? ऐसे में देश में रेलों को हाईस्पीड बनाने का लक्ष्य कितना सुरक्षित रह पायेगा?यह विडंबना है कि पटरी से उतरती ट्रेनों का यह सिलसिला दशकों से जारी है। हम पिछले हादसों से कोई सबक नहीं लेते हैं। बीते दशकों में राजनीतिक दलों में रेल मंत्रालय लेने की होड़ रहा करती थी ताकि उसके जरिये राजनीतिक लक्ष्यों की पूर्ति की जा सके। पिछले दो बार से केंद्र में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने वाली भाजपा से उम्मीद थी कि वह रेल के सफर को सुरक्षित बनाने के लिये कारगर उपाय करेगी। गाहे–बगाहे तेज गति की ट्रेन चलाने और निजीकरण को बढ़ावा देने की बात होती रही है। निश्चित रूप से नये प्रयोगों से केंद्रीय संचालन की कार्यप्रणाली पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। दरअसल, पूरे देश का रेल तंत्र सुनियोजित और सुरक्षित संचालन की मांग करता है। किसी तरह का विकेंद्रीयकरण इस मार्ग में विसंगतियां पैदा कर सकता है। सबसे पहली प्राथमिकता सुरक्षित रेल संचालन की होनी चाहिए। तभी ऐसी भीषण दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है। दुर्घटना के बाद राहत–बचाव के बीच मुआवजा देने की घोषणाएं की जा रही हैं। लेकिन हमारी प्राथमिकता ऐसे रेल संचालन की होनी चाहिए कि उसमें दुर्घटना की कोई गुंजाइश न हो। दोषियों को ऐसी सख्त सजा दी जानी चाहिए कि वो नजीर बन सके। ताकि फिर कोई चूक सैकड़ों लोगों की जान न ले सके। सस्ती रेल सेवा के बजाय ऐसी फुलप्रूफ सुरक्षा होनी चाहिए कि तमाम यात्रियों के जीवन की रक्षा हो सके। निश्चित रूप से अब देश के रेलतंत्र को लापरवाही व गैरजिम्मेदारी की संस्कृति से मुक्त करने की जरूरत है।

# ब्रिक्स की महत्ता का बढ़ना

**आदित्य नारायण**

*ब्रिक्स में ब्राजील, भारत, चीन, रूस व द. अफ्रीका देश शामिल हैं और यह संगठन फिलहाल विश्व अर्थव्यवस्था का इंजिन माना जाता है क्योंकि सभी शामिल देशों की अर्थव्यवस्था तेजी से विकास करते देशों में गिनी जाती है।*

अब से लगभग 15 वर्ष पहले 'ब्रिक्स' संगठन का जो पौधा चालू समय के राजनेता ( स्टेट्समैन) माने जाने वाले स्व. प्रणव दा ने संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा की बैठकों से इतर रूस, चीन, द. अफ्रीका व ब्राजील के विदेश मन्त्रियों के साथ हुई अपनी अनौपचारिक बातचीत के दौरान लगाया था आज वह पूरा 'वट वृक्ष' बन गया है और दक्षिणी दुनिया समूह के प्रमुख माने जाने वाले सभी देश इसका हिस्सा बनना चाहते हैं। ब्रिक्स में ब्राजील, भारत, चीन, रूस व द. अफ्रीका देश शामिल हैं और यह संगठन फिलहाल विश्व अर्थव्यवस्था का इंजिन माना जाता है क्योंकि सभी शामिल देशों की अर्थव्यवस्था तेजी से विकास करते देशों में गिनी जाती है। स्व. प्रणव मुखर्जी भारत के राष्ट्रपति तो रहे ही मगर साथ ही वित्त मन्त्री से लेकर रक्षामन्त्री और विदेश मन्त्री तक रहे और बहुत ही अल्पकाल के लिए डा. मनमोहन सिंह के शासन के दौरान व कार्यकारी प्रधानमन्त्री भी तब रहे जब डा. मनमोहन सिंह स्वास्थ्य कारणों से 'आपरेशन टेबल' पर थे। 'भारत रत्न' प्रणव दा ऐसे सफल और दूरदर्शी कूटनीतिज्ञ भी थे जो अगले पचास वर्षों में बदलती दुनिया का नक्शा देख रहे थे और उसी के अनुसार भारत की नीतियों का निर्धारण भी कर रहे थे। राष्ट्रसंघ में अमेरिका समेत पश्चिमी यूरोपीय देशों के दबदबे को देखते हुए उन्होंने तभी आह्वान कर दिया था कि राष्ट्रसंघ का ढांचागत परिवर्तन होना चाहिए और बदलते वैश्विक आर्थिक क्रम में भारत को विश्व बैंक से लेकर अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसे वित्तीय संस्थानों में भी वाजिब तवज्जो दी जानी चाहिए। आज 15 साल में चीजें जिस तरह बदल रही हैं वे हमारे सामने हैं। जहां तक ब्रिक्स का सम्बन्ध है तो भारत इसे गैर पश्चिमी देशों का एक समूह कहता है और चीन, अमेरिका विरोधी गुट के रूप में प्रस्तुत करने से नहीं हिचकता है। भारत की राय में यह बहुध्रुवीय विश्व क्रम का एक नमूना है जिसका किसी विशेष देश या गुट के विरोध से कोई ताल्लुक नहीं है। जब ब्रिक्स का गठन हुआ था तो 'पंजाब केसरी' में तभी प्रथम पृष्ठ पर प्रमुखता से यह खबर छपी थी कि ब्रिक्स दुनिया के सात में से चार महाद्वीपों का संपुष्ट महागठबन्धन साबित होने की क्षमता रखता है। अब यह अवधारणा पुष्ट व मजबूत हो गई है क्योंकि पांच देशों के इस संगठन में फिलहाल कम से कम 19 और देश बेताबी के साथ अपनी शिरकत चाहते हैं जिनमें दक्षिण अमेरीकी महाद्वीप के अर्जेंटीना, निकारागुआ, मेक्सिको, उरुग्वे, वेनेजुएला। अफ्रीका महाद्वीप के नाइजीरिया, अल्जीरिया, मिस्र, सेनेगल व मोरक्को। एशिया के पश्चिमी क्षेत्र से सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्की, सीरिया व ईरान। मध्य एशिया से कजाखस्तान। दक्षिण एशिया से बांग्लादेश व अफगानिस्तान और दक्षिण–पूर्व एशिया से इंडोनेशिया व थाईलैंड। कल्पना कीजिये कि यदि ये सब देश ब्रिक्स के छाते के नीचे आ जायेंगे तो विश्व अर्थव्यवस्था में इनकी हिस्सेदारी क्या होगी क्योंकि इन सभी देशों पर आज पूरी दुनिया की आर्थिक प्रगति व गति निर्भर करती है। ब्रिक्स संगठन की अध्यक्षता इस वर्ष द. अफ्रीका को करनी है और अगस्त महीने में इसका शिखर सम्मेलन इस देश में होगा जिसमें शिरकत करने प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी जायेंगे। मगर विगत शुक्रवार को द. अफ्रीका ने ब्रिक्स के मित्र देशों का सम्मेलन किया जिसमें भाग लेने भारत के विदेश मन्त्री श्री एस. जयशंकर भी गये थे। इस सम्मेलन में ब्रिक्स देशों के अलावा 15 ऐसे देशों ने भाग लिया जिन्हें दक्षिणी दुनिया का हिस्सा कहा जाता है। दरअसल ब्रिक्स के इस वर्ष अगस्त महीने में होने वाले सम्मेलन का मुख्य एजेंडा इसका विस्तार व 'बहुध्रुवीय विश्व संरचना' होगा। यह एजेंडा हमें संकेत देता है कि आने वाला समय ऐसे उभरते हुए देशों का होगा जो अपने विकास के लिए अंतर्सम्बन्धी आपसी भाईचारे पर निर्भर रहते हुए वैश्विक विकास को नई गति देंगे। इनमें वेनेजुएला व ईरान जैसे तेल उत्पादक देश भी शामिल होंगे। साथ ही ये देश किसी खतरे का मिलजुल कर इस तरह मुकाबला कर सकते हैं कि उन्हें अपने विरोध में खड़े समूह या गुट से कोई गंभीर चुनौती न मिल सके। रूस–यूक्रेन युद्ध के चलते पूरी दुनिया के सामने पश्चिमी यूरोपीय देशों व अमेरिका के एक साथ खड़े होकर नाटो सन्धि देशों की आड़ में जिस तरह की स्थिति बनी उससे एशिया, अफ्रीका व द. अमेरिकी या लैटिन अमेरिकी देशों के सामने अजीब कशमकश के हालात पैदा हो गये थे। ब्रिक्स ऐसी वारदातों का सन्तुलन साबित होने की क्षमता रखता है। जहां तक भारत का सवाल है तो वह अमेरिका के साथ भी अपने सम्बन्ध सुधारना चाहता है और साथ ही बहु ध्रुवीय विश्व संरचना को भी उभरते हुए देशों के हित में समझता है।

# अमेरिकी रक्षामंत्री का भारत दौरा

संयुक्त राज्य अमेरिका विश्व का बहुत शक्तिशाली देश है और उसके इशारे पर ही पलभर में समीकरण बदलते हैं। द्वितीय महायुद्ध के बाद विश्व जिन दो गुटों में बंटा था उनमें से एक गुट का नेतृत्व अमेरिका ने किया था और दूसरे का नेतृत्व सोवियत संघ ने किया था। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत और अमेरिका के संबंध मधुर नहीं रहे। दोनों देशों के संबंध 2001 तक विभिन्न मुद्दों पर तनावपूर्ण ही रहे। दोनों देशों के मधुर संबंधों की शुरुआत 2005 में भारत–अमेरिका में हुए असैन्य परमाणु समझौते से हुई। आज भारत और अमेरिका के संबंध काफी मधुर हैं और अमेरिकी रक्षामंत्री लॉयड जे ऑस्टिन अपनी अधिकारिक यात्रा पर दिल्ली पहुंच चुके हैं। जनवरी 2021 में रक्षामंत्री का पदभार सम्भालने के बाद यह उनकी दूसरी भारत यात्रा है। उनकी यात्रा का मुख्य उद्देश्य रक्षा साझेदारी को मजबूत करना, नए रक्षा इनोवेशन और औद्योगिक सहयोग की पहल को आगे बढ़ाना और भारतीय सेनाओं के बीच परिचालन सहयोग का विकास करने के प्रयासों को जारी रखना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिका दौरे के ठीक पहले वहां के रक्षामंत्री का भारत दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसी बीच एक शक्तिशाली कांग्रेस कमेटी ने भारत को शामिल कर नाटो प्लस को मजबूत करने की सिफारिश की है। यह कदम चीन को डराने की अमेरिकी चाल का हिस्सा है। लॉयड आस्टिन की कल रक्षामंत्री राजनाथ से मुलाकात होगी। अगर इतिहास को देखा जाए तो अमेरिका रक्षा मामलों में कभी भी कसौटी पर खरा नहीं उतरा। अमेरिका के बारे में यह मशहूर है कि वह अपने हितों को हमेशा सर्वोपरि रखता है। 9/11 के आतंकवादी हमले के बाद अमेरिका ने कश्मीर के सवाल पर हमेशा पाकिस्तान का समर्थन किया तथा भारत का विरोध किया। भारत द्वारा अपनाई गई गुटनिरपेक्ष नीति से भी अमेरिका नाराज रहा। 1965 तथा 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध में अमेरिका ने भारत के विरुद्ध पाकिस्तान की हर तरह से मदद की। उसकी सैन्य शस्त्र और डॉलरों से सहायता की। 1971 में भारत ने जब सोवियत संघ के साथ 20 वर्षीय मैत्री संधि की तो अमेरिका ने भारत से नाराजगी जताई थी। परमाणु अप्रसार संधि को लेकर भी वह भारत पर हस्ताक्षर करने के लिए दबाव डालता रहा है लेकिन भारत ने कभी उसका दबाव नहीं माना। जब अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 1998 में सरकार बनी और भारत ने पांच परमाणु परीक्षण किए तो अमेरिका ने भारत पर अनेक प्रतिबंध लगा दिए। धीरे–धीरे परिस्थितियां बदलती गईं और दोनों देशों के संबंधों में काफी विस्तार हुआ। अब दोनों देशों में सहयोग काफी बढ़ा है और रक्षा क्षेत्र में संबंधों



के विस्तार में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। असैन्य परमाणु समझौते (2005) के बाद, संयुक्त राज्य अमेरिका ने 2008 में चार निर्यात नियंत्रण व्यवस्था समूहों को भारत की सदस्यता का समर्थन किया। तब से भारत परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (एनएसजी) को छोड़कर वासेनार समझौते, ऑस्ट्रेलिया समूह एवं मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था (एमटीसीआर) का सदस्य बन गया है। आर्थिक क्षेत्र में संबंधों को आगे बढ़ाते हुए अमेरिकी ट्रेजरी सचिव टिमोथी गेथनर ने 2010 में अपनी भारत यात्रा के दौरान तत्कालीन भारतीय वित्त मंत्री प्रणव मुखर्जी के साथ अमेरिका–भारत आर्थिक तथा वित्तीय भागीदारी शुरू की। मंत्री स्तरीय बैठकों में दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों की नींव रखी गई। भारत और अमेरिका ने भी अपनी पहली सामरिक वार्ता (2010) में आपसी सुरक्षा और आर्थिक बदलावों को शामिल किया। तब से भारत ने संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ नवीकरणीय ऊर्जा पर जोर देते हुए साइबर सुरक्षा, बैंकिंग और ऊर्जा क्षेत्र पर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों राष्ट्रों ने सुरक्षा सिद्धांतों की स्थापना की जो 2015 में एशिया प्रशांत और हिंद महासागर क्षेत्र के लिए संयुक्त सामरिक विजन की घोषणा करके संबंधों को निर्देशित करने में मदद करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद डोनाल्ड ट्रंप के शासनकाल में दोस्ती और परवान चढ़ी। अनेक मुद्दों पर दोनों की राय एक समान रही। चाहे वह आतंकवाद का मुद्दा हो या फिर चीन का। अमेरिका और भारत अब रणनीतिक साझेदार हैं। अमेरिका से कई रक्षा समझौते भी किए गए। बदलती दुनिया में अमेरिका को भारत की जरूरत है। भारत के बढ़ते महत्व को देखते हुए उसे भारत की जरूरत है और चीन के बढ़ते दबदबे को देखते हुए उसे भारत का साथ चाहिए। भारत हथियारों के लिए भी एक बड़े बाजार का प्रतिनिधित्व करता है। आतंकवाद के खिलाफ भी दोनों के हित काफी साझा है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह काफी परिपक्व राजनीतिज्ञ हैं और उन्हें अमेरिका के संबंधों का काफी अनुभव है। कई बार ऐसा महसूस होता है कि वह चीन का मुकाबला करने के लिए भारत के कंधे का इस्तेमाल करना चाहता है। उसने अफगानिस्तान में भी अपने हित साधने के लिए भारत का इस्तेमाल करने की कोशिश की थी। रूस से मैत्रीपूर्ण संबंधों को लेकर भी अमेरिका ने भारत पर काफी दबाव डाला था। इन सब परिस्थितियों को देखते हुए भारत के रक्षा संबंधों में काफी सतर्कता बरतनी होगी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को फूंक–फूंक कर कदम बढ़ाने होंगे।

# कुप्रबंधन–उपेक्षा का परिणाम है बालासोर ट्रेन हादसा

ओडिशा के बालासोर जिले में शुक्रवार की शाम हुई जिस भीषण ट्रेन दुर्घटना में करीब 300 लोगों ने जानें गंवाईं और



लगभग एक हजार घायल हुए हैं, वह प्रथम दृष्टया मानवीय भूल तो है लेकिन इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता कि रेल सेवाओं की जैसी उपेक्षा हो रही है और पूरी प्रणाली कुप्रबंधन का जिस तरह से शिकार हो गयी है, उसी का यह परिणाम है जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ा है। मृतकों के परिवारों को मुआवजे, घायलों को मदद राशि, उपचार की उपलब्धता तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घटनास्थल का दौरा कर दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा– की दी जाने वाली चेतावनी तात्कालिक कदम तो हो सकते हैं परन्तु इनसे न तो रेल सेवा को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी और न ही भविष्य में ऐसे हादसे रोके जा सकेंगे। जरूरत रेलवे को लेकर केन्द्र सरकार के नजरिये और तदनुरूप नीतियां बनाने की है। ट्रेनों को आम आदमी की पहुंच से निकालकर विशिष्टजनों के परिवहन का माध्यम बनाने वाला दृष्टिकोण जब तक नहीं बदलता, रेलवे को बदतर दिन देखने और उसकी बदहाली से कोई नहीं रोक सकता। नैतिकता अथवा उत्तरदायित्व के नाम पर अपने इस्तीफे से साफ इंकार करते हुए रेलवे मंत्री अनिल वैष्णव ने यह जरूर बतलाया है कि दुर्घटना की स्वतंत्र व उच्चस्तरीय कमेटी जांच करेगी। कहना न होगा कि दोनों ही कोई अनोखी बात नहीं है। इतने बड़े हादसे की जांच तो होनी ही थी और त्यागपत्र देने का भी सवाल नहीं उठता क्योंकि अब न तो वैसी संवेदनशीलता रह गयी है और न ही जिम्मेदारी की भावना, जैसी कि लालबहादुर शास्त्री जैसे लोगों में देखी गयी थी जब उन्होंने ऐसी ही एक दुर्घटना से व्यथित होकर पद छोड़ दिया था। खैर, वह अलग जमाना था और दूसरी तरह के ही लोग थे। देश की अब तक की सबसे बड़ी दुर्घटनाओं में से एक इस भयानक हादसे में तीन ट्रेनों की भिड़न्त हुई है जो अपने आप में घोर लापरवाही बरतने और प्रणाली को नाकाम साबित करने के लिये काफी है। कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रैक क्रमांक 2 से मेनलाइन की बजाय लूपलाइन पर चली गयी और वहां खड़ी मालगाड़ी से जा टकराई। उसका इंजिन मालगाड़ी पर चढ़ गया। इससे मालगाड़ी के कुछ डिब्बे ट्रैक नंबर 2 और 3 पर बिखर गये। परिणामस्वरूप ट्रैक नं. 2 से गुजर रही बेंगलुरु–हावड़ा सुपरफास्ट ट्रेन के आखिरी 3 कोच कोरोमंडल एवं मालगाड़ी के बिखरे डिब्बों से टकरा गये। कोरोमंडल को गलत सिग्नल देना भी हादसे का कारण बतलाया जा रहा है। तकनीकी जांच जो भी हो, तय मानिये कि इस हादसे के लिये किसी छोटे कर्मचारी या जूनियर अधिकारी को जिम्मेदार मानकर उसके खिलाफ कोई छोटी–बड़ी कार्रवाई होगी तथा इस हादसे की जांच रिपोर्ट कुछ टिप्पणियों व ताकीदों के साथ बंद कर दी जायेगी। फिर सब कुछ पूर्ववत हो जायेगा। अपनी दुर्दशा के साथ रेल व्यवस्था ऐसे ही चलती रहेगी और बेबस नागरिक अपनी जान हथेलियों पर लेकर यात्राएं करते रहेंगे क्योंकि उनके पास और कोई विकल्प नहीं है। इस नैराश्य व व्यथा का कारण है केन्द्र सरकार का रेल सेवाओं के प्रति नजरिया। वर्तमान सरकार का निजीकरण के प्रति अनुराग इस दुर्घटना के केन्द्र में है। पिछले कुछ समय से रेलवे को घाटे में लाने का सुनियोजित षड्यंत्र पिछले कुछ समय से रचा गया है। रेलवे की अकूत सम्पत्ति और फायदे की असीमित गुंजाईश निजी व्यवसायियों को हमेशा से आकर्षित करती रही है लेकिन जनसामान्य के लिये इसकी उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए पिछली सरकारों ने इसे पूर्णतः सार्वजनिक उपक्रम बनाये रखा था। सर्वाधिक रोजगार का सृजन करने वाली भारतीय रेल देश की जीवन रेखा भी है जिसे अपने कारोबारी मित्रों को सौंपने के लिये इसे मोदी सरकार द्वारा नुकसान में लाया जा रहा है। इसके चलते जहां स्टेशनों को निजी हाथों में देने का चलन बढ़ा वहीं 3.5 लाख से ज्यादा रिक्त पदों को भरा नहीं जा रहा है। लोको पायलेटों समेत सभी कर्मचारियों से उनकी क्षमता से ज्यादा काम लिया जा रहा है। कोरोना के नाम पर वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली छूट समाप्त कर दी गयी है। बुलेट, तेजस व तथा वंदे भारत जैसी महंगी ट्रेनों पर सरकार का ज्यादा ध्यान व दिलचस्पी है जबकि आवश्यकता आम लोगों के लिये रेल सेवाओं को सस्ती, आरामदायक तथा सुरक्षित करने की है। ट्रेन परिचालन को सुरक्षित रखने के नाम पर लागू अत्याधुनिक तकनीक कवच भी इस दुर्घटना में नाकाम साबित हुआ है। सरकार की वरीयता मालवाहक ट्रेनों की आवाजाही की है, जबकि होनी चाहिये यात्री ट्रेनें जिनके फेरे कम हो रहे हैं और वे सुस्त चाल चलाई जा रही हैं ताकि लोग दूसरे माध्यमों का इस्तेमाल करें। नुकसान में आने से स्टेशनों व ट्रेनों को निजी हाथों में देना आसान होता है जो इस हादसे के मूल में है।

### उपसरपंच संघ लांजी की आवश्यक बैठक संपन्न

# पवन कश्यप बने ब्लॉक अध्यक्ष, कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

**लांजी।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर लांजी में उपसरपंच संघ की आवश्यक बैठक आज 7 जुन को संपन्न हुई। बैठक के संबंध में जानकारी से अवगत कराते हुए ग्राम पंचायत बिसोनी के उपसरपंच पवन सितमलाल कश्यप ने बताया की शासन द्वारा हमेशा ही पंचायतों में उपसरपंचों के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता है और सरपंचों को पुरी सुविधाएं शासन द्वारा प्रदान की जाती है साथ ही पंचायतों से पास होने वाले बिल बाऊचरों में भी उपसरपंचों के हस्ताक्षर मान्य किये जाएं तथा मजदूरों को जहां 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है उसके स्थान पर उन्हें 200 दिनों का रोजगार दिया जाए ताकि वे क्षेत्र से पलायन न करें और ग्राम के विकास में सहभागी बनें। श्री कश्यप द्वारा कहा गया की क्षेत्र में देखने में आ रहा है की विभिन्न पंचायतों में सरपंचों द्वारा उपसरपंचों को तवज्जों न देते हुए अपने मन मुताबिक पंचायत का संचालन किया जा रहा है जो उपसरपंचों को नागवार गुजर रहा है साथ ही सरकार द्वारा सरपंचों को मानदेय दिया जा रहा है परंतु उपसरंपचों एवं पंचों के हाथ अब भी खाली ही है। सरकार द्वारा हमेशा ही पंचायतों के उपसरपंचों एवं पंचों को पंचायत की बैठक के लिये 100 रूपये दिये जाने की बात कही जाती है परंतु आज दिनांक तक यह वादा भी सिर्फ एक लॉलीपाप की साबित हुआ है। श्री कश्यप ने कहा की अब पंचायतों के उपसरपंचों और पंचों को भी अपने हक और अधिकार के लिये एकजुट होने का समय आ गया है इसी तरह की अन्य मांगों को लेकर आज यह बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपस्थित उपसरपंचों द्वारा ग्राम पंचायत बिसोनी के उपसरपंच पवन कश्यप को लांजी ब्लॉक का सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया तथा संगठन को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

**कार्यकारिणी में इन्हें मिला स्थान**-उपसरपंच संघ की बैठक के दौरान उपस्थितजनों द्वारा उपसरपंच पंच कल्याण महासंघ लांजी ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष पवन कश्यप, उपाध्यक्ष दिनेश धनौले, कार्यकारिणी अध्यक्ष रीता के.के रावते, ब्लॉक प्रभारी किशोरी लाल लिल्हारे, ब्लॉक महामंत्री राजेश मेहरबान, संगठन मंत्री धमेंद्र बिलावर, सचिव राधेश्याम नखाते, सहयोगी सचिव देवेंद्र बोरकर, मीडिया प्रभारी गजेंद्र बुराड़े, कोषाध्यक्ष गंगोत्री बुराड़े को शामिल किया गया इसी प्रकार कार्यकारिणी सदस्यों में अमित करहि, पुष्पा दुरूग्कर, चैतराम घोरमारे, प्रेमचंद दानी को शामिल किया गया जिसमें उपसरपंच संघ के जिलाध्यक्ष लोकेश बघेल एवं जिला प्रभारी श्याम प्रकाश गोंडाने, किरनापुर ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश बिरनवार, ब्लॉक कार्यकारिणी अध्यक्ष श्रीमती रोशनी उपाध्याय, किरनापुर ब्लॉक उपाध्यक्ष श्रीमती सावित्री तुरकर एवं ब्लॉक संगठन मंत्री देवेश्वरी कावड़े भी उपस्थित रहे जिनके द्वारा लांजी में भी कार्यकारिणी का गठन किया गया। उपसरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर ग्राम पंचायत बिसोनी के उपसरपंच पवन कश्यप ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा की मुझे जो जिम्मेदारी संघ द्वारा सौंपी गई है उसका पूरी ईमानदारी एवं साथी सदस्यों के हक अधिकार के लिये जी जान से मेहनत की जाएगी। तत्पश्चात उपस्थित जनों द्वारा श्री कश्यप को बधाई प्रेषित की गई।



**सैकड़ा भर से अधिक उपसरपंच एवं पंच पहुंचे**-उल्लेखनीय है की लगातार उपसरपंचों के साथ हो रहे सौतेले व्यवहार से आक्रोशित उपसरंचों ने बड़ी संख्या में इस बैठक में भाग लिया और अपनी समस्याएं रखी। इस दौरान भरी गर्मी में उक्त बैठक में लगभग 100 से भी अधिक उपसरपंच एवं पंचों की उपस्थिति रही। इस दौरान किशोरी लाल लिल्हारे फोफसा, दिनेश कुमार धनौले बिंझलगांव, पुष्पाबाई दुरूग्कर अमेड़ा प, दमयंती सोनवाने देवलगांव, राजेश मेहरबान भूरसाडोंगरी, राधेश्याम नखाते लाडसा, चैतराम घोरमारे रमपुरा, सुरेश पांचे भानेगांव, उमेश डिब्बे कुम्हारी खुर्द, बसंत निर्मलकर डोंगरगांव, मुकेश टेंभरे केरेगांव, तिलकेश्वर पांचे, रीता रावते मोहझरी, प्रदीप खेरे, नरेंद्र बल्लारखेड़े, बाबूलाल, गोविंद एड़े, राजकुमार चौरे, कोमल टेंभरे, घनश्याम ठाकरे, अमित करहि सहित अन्य ग्रामों से उपसरपंच एवं पंचगण उपस्थित रहे।

#### इनका करना है

लांजी तहसील में हमारा संगठन नहीं बना था जिसको देखते हुए हमारे द्वारा लांजी में संगठन गठित करने हेतु पहुंचे हैं इसी के साथ लांजी जनपद जनपद अंतर्गत आने वाले सभी पंचायतों के उप सरपंच व पंचों को हमें जागरूक करना था कि हमें अपने हक और अधिकार के लिए लड़ाई लड़ना है और हमारे संगठन की यह मांग है कि उप सरपंचों को सीबी शाइन का पावर मिले और पंचायतों में जो विधि कार्य होते हैं उसमें भी उप सरपंचों व पंचों को शामिल किया जाए तभी हमारे ग्रामों का विकास होगा और जिस प्रकार सरपंच को 42 सो रुपए का मानदेय मिल रहा है उसी प्रकार उपसरपंच को भी ?2000 और पंचों को ?1000 दिया जाए और ग्राम पंचायतों में मजदूरों को जो 100 दिन का रोजगार दिया जा रहा है उसे बढ़ाकर 200 दिन का रोजगार मजदूरों को दिया जाए ताकि वे दूसरे राज्य काम करने के लिए पलायन ना करें। मैं मध्य प्रदेश सरकार सर कहना चाहता हूं कि वह हमारी मांगों को स्वीकार करें। और पंचायत अधिनियम में संशोधन करें और अपनी कैबिनेट में बैठक बुलवाकर उप सरपंचों व पंचों को जो भी अधिकार देना है उसका प्रस्ताव पास करे।

**श्याम प्रकाश गोंडाने**
**जनशक्ति उपसरपंच एवं पंच कल्याण जिला** प्रभार

# महिला सशक्तिकरण के लिए स्वसहायता समूह महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहा है : सरोज जोशी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 9 वर्ष केंद्र सरकार की उपलब्धियों को भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया के निर्देशन में चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्य एवं समूह की प्रभारी सरोज जोशी, ज्योति सुदर्शन बौहरे ने अटेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लावन में पहुंचकर समूह की बहनों के बीच जाकर श्री मोदी के विकास कार्यों को बताया और उनका सम्मान किया।श्रीमती जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल 9 साल बेमिसाल पूर्ण होने पर चलाए जा रहे महाजन अभियान के तहत आज स्व सहायता समूह की बहनों के साथ में संपर्क एवं संवाद अभियान के कार्यक्रम की शुरुआत अटेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लावन से की जिसमें बलखंडेश्वर स्व सहायता समूह एवं मां काली स्व सहायता समूह की बहनों से संवाद कर भारतीय जनता पार्टी की मध्य प्रदेश , सरकार की उपलब्धियां बतायी , आज



ग्रामीण क्षेत्र की हर वर्ग की बहने स्व सहायता समूह के माध्यम से आत्मनिर्भर हो रही है एवं गरीब तबके की बहने स्व सहायता समूह का लाभ लेकर परिवार की रोजी रोटी चला रही है स्वसहायता समूह से जुड़ कर बहने किस प्रकार का लाभ ले रही है और वह कैसा महसूस कर रही हैं इसकी भी जानकारी ली स्वसहायता समूह की बहनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी हमारे परिवार से लेकर रोटी कपड़ा और मकान दे कर हम बहनों को आत्मनिर्भर बनाया है भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर हमे पूरा भरोसा है स्व सहायता समूह के साथ-साथ बहनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया की लाडली बहना योजना चलाकर मध्य प्रदेश के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भैया ने हमें जो ? 1000 प्रतिमाह 10 जून से हम बहनों की खाते में डालेंगे उसके लिए सभी बहनों ने धन्यवाद ज्ञापित किया ।और संकल्प लिया भारतीय जनता पार्टी के लिए तन मन से काम करेंगे स्व सहायता समूह के संवाद प्रोग्राम मैं स्व सहायता समूह संवाद प्रभारी प्रभारी सरोज जोशी एवं महिला मोर्चा की पूर्व मीडिया प्रभारी एवं नमो सेना इंडिया की जिला की जिलाध्यक्ष ज्योति सुदर्शन बौहरे एवं लावन पंचायत की सरपंच वर्षा सनोज के साथ,समूह की बहने रईसा खान, रामवती बघेल, रीता जोशी, सोनी भदोरिया, अनीता भदोरिया,अनीता भदौरिया ,पदमा राजावत, अनीशा खान ,नफीसा खान, बेबी भदोरिया, रोशनी बरेठा, रामवाई बरेठा,प्रेमा भदौरिया आदि बहने स्थित रही।

# कांग्रेसी कार्यकर्ता घर-घर जाकर भर रहे हैं,नारी सम्मान योजना के फार्म

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय कमलनाथ के निर्देशानुसार नगर कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने भिंड नगर पालिका के वार्ड नंबर 2 में कांग्रेस द्वारा चलाई जा रही नारी सम्मान योजना के फार्म भरेनारी सम्मान योजना के फार्म भरते समय नगर कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने कहा हमारे नेता माननीय कमलनाथ घोषणा नहीं करते हैं, वह तो वचन देते हैं जबकि बीजेपी के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह केवल घोषणा करते हैं और काम नहीं करते हैं, आने वाले विधानसभा चुनाव में मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को 1500 रु नगद और ? 500 में गैस सिलेंडर देने का वचन माननीय कमलनाथ जी दे रहे हैं मध्यप्रदेश में 2018 में कांग्रेस की 15 महीने की सरकार में माननीय कमलनाथ जी ने किसानों के कर्ज माफ किए थे और गोवंश की रक्षा के लिए पंचायत स्तर पर गौशाला खोलने का भी काम तेजी से शुरू किया था माननीय कमलनाथ ने कन्यादान योजना के तहत 51000 भी देने की शुरुआत की थी और ? 100 में 100 यूनिट बिजली भी दी जा रही थी मध्यप्रदेश में कांग्रेस के अध्यक्ष



माननीय कमलनाथ द्वारा वचन पत्र बनाया जा रहा है कांग्रेस के वचन पत्र में जो बातें लिखी हैं उन्हें पूरा करने का वचन माननीय कमलनाथ जी दे रहे हैं।नगर कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने कहा की नगर कांग्रेस भिंड नगरपालिका के वार्डो में नारी सम्मान योजना के फॉर्म शिविर लगाकर एवं घर घर जाकर भर रही है साथ ही हर घर में मध्य प्रदेश कांग्रेस द्वारा जारी स्टीकर और बैनर भी लगा रही है।

### क्षेत्र के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा- विधायक जाटव

# 10.79 लाख की लागत से सिलौहाँ गांव में बनेगा सामुदायिक भवन, विधायक मेवाराम जाटव ने किया भूमिपूजन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** विधायक मेवाराम जाटव ने पिछले वर्ष अपने ग्रह गांव ग्राम पंचायत सिलौहाँ मैं शंकर जी मंदिर पर भागवत का आयोजन किया था जो लगभग 10 दिनों तक चला था। इसी की बरसी को लेकर विधायक जाटव के द्वारा अपने गृह गांव मैं बुधवार से अखंड रामायण का आयोजन शुरू कराया गया जिसका समापन भंडारे के पश्चात गुरुवार को होगा। पिछले वर्ष भागवत के दौरान विधायक मेवाराम जाटव ने अपनी विधायक निधि से सामुदायिक भवन बनवाने की घोषणा की थी।जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद, अपनी विधायक निधि 2023-24 से 10 लाख 79 रुपए देकर सिलौहाँ पंचायत में सामुदायिक भवन बनवाने की स्वीकृति देकर, बुधवार को विधायक जाटव के द्वारा विधिवत सामुदायिक भवन बनने वाली भूमि एवं शिला पट्टिका का भूमि पूजन किया गया। श्री जाटव की विधायक निधि से बनने वाले इस सामुदायिक भवन की लागत 10 लाख 79 हजार रुपए होगी और इस सामुदायिक



भवन को ग्राम पंचायत सिलौहाँ एजेंसी के द्वारा बनाया जाएगा। इस दौरान विधायक जाटव ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा मैं विपक्ष का विधायक होने के बावजूद भी प्रत्येक गांव व पंचायतों में सीसी रोड, हेड पंप खनन, प्रतिक्षालय, सामुदायिक भवन आदि अपनी विधायक निधि से बनवा रहा हूं, मैंने अपने 2 वर्ष के कार्यकाल में हर पंचायत में कुछ न कुछ विकास कार्य करने का प्रयास किया है और आगे भी करता रहूंगा मैं जमीन से जुड़ा हुआ आपके बीच के गांव का ही रहने वाला आप सभी का सेवक हूं। गांव की हर समस्याओं को मैं भली-भांति जानता हूं, इन समस्याओं को मैं दूर करने का निरंतर प्रयास करता रहूंगा अगली बार प्रदेश में हमारे नेता कमलनाथ जी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। जिसके पश्चात क्षेत्र व प्रदेश में तेजी से विकास होगा कांग्रेस की सरकार बनने पर किसी को भी निराश नहीं किया जाएगा। भूमि पूजन के दौरान जनपद पंचायत के सब इंजीनियर केएल शाक्य, सिलौहाँ पंचायत के सरपंच दशरथ सिंह गुर्जर, पूर्व सरपंच जवान सिंह गुर्जर, शिवकांत दुबे, नैंनोली सरपंच ध्यानेंद्र सिंह उर्फ गुल्लू राणा, पूरन सिंह गुर्जर, राजकुमार शर्मा, सिलौहाँ पंचायत सचिव रमेश चंद शर्मा एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत चार दिवसीय ओड़िसा प्रवास पर रहेंगे पूर्व विधानसभाध्यक्ष धरमलाल कौशिक

पूर्व विधानसभाध्यक्ष धरमलाल कौशिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 30 मई से 30 जून तक चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे. पी नड्डा द्वारा दी गई दायित्वों का निर्वहन करते हुए 8 जून से 11 जून तक ओड़िसा राज्य के पांच लोकसभा पर द्वितीय प्रवास करेंगे। श्री कौशिक अपने प्रवास के दौरान कालाहांडी, बंलागीर, बरगड़ एवं संबलपुर लोकसभा में आयोजित कार्यकर्ताओं से भेंट, लाभार्थी सम्मेलन, व्यवसायिक बैठक, प्रेसवार्ता एवं प्रबुद्ध लोगों से मुलाक़ात जैसे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर कार्यक्रमों का हिस्सा बनेंगे।पूर्व विधानसभाध्यक्ष कौशिक प्रत्येक दिन अलग- अलग लोकसभा प्रवास पर रहेंगे। दिंनाक 8 जून को कालाहांडी लोकसभा में जायेंगे एवं आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगे, दिनांक 9 जून को बलांगीर लोकसभा एवं दिनांक 10 बरगढ़ लोकसभा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा दिनांक 11 जून को संबलपुर लोकसभा में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

# पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी,अवैध हथियार एवं एम्युनेशन का तस्कर किया गिरफ्तार

### पुलिस अधीक्षक ने ली प्रेस कांफ्रेंस

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । जिले मेंअवैध हथियारों के कारोबार में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ हेतु की जा रही कार्यवाही के दौरान पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे,मेहंगव एसडीओपी आर.के.एस. राठौर के मार्गदर्शन में दिनांक 07/06/23 को हथियार तस्कर, अवैध हथियार एवं काफी मात्रा में कारतूस सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त है ।पुलिस अधीक्षक भिण्ड के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के दौरान थाना प्रभारी अमायन को दिनांक 6 व 7 जून 2023 की रात्रि में सूचना मिली कि बिहारी चौहान ग्राम गोरई का अवैध हथियार की तस्करी करता है। वह ग्राम खैरोली मोड पर अवैध हथियार लिये खड़ा है, मुखविर द्वारा दी गई सूचना की तस्दीक हेतु उपनिरीक्षक सुनील सिकरवार थाना प्रभारी अमायन मय बल के मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर पहुंचा तो बताये गये हुलिया का व्यक्ति द्वारा पुलिस बल को देखकर भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस बल की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा, जिसने अपना नाम रामगोपाल उर्फ विहारी पुत्र अहिवरन सिंह चौहान उम्र 20 साल निवासी ग्राम गोरई



थाना रौन का होना बताया, हाथ में लिये हुये प्लास्टिक के थैले एवं जामा तलाशी ली तो उसमें बड़े पैमाने पर अवैध हथियार एवं एम्युनेशन मिला है ।उपरोक्त आर्म्स एम्युनेशन रामगोपाल उर्फ बिहारी पुत्र अहिवरन सिंह चौहान उम्र 20 साल निवासी ग्राम गोरई थाना रौन से जप्त होने पर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध थाना अमायन में धारा 25 (1-बी) (ए). 3,5,26,27 के अन्तर्गत अपराध पंजीबद्ध किया। आरोपी उक्त हथियार एवं कारतूस को स्थानीय बदमाशों को विकय करने हेतु लाया था। इस कारोबार में और कौन-कौन संलिप्त है तथा आरोपी यह कारोबार कब से कर रहा है तथा पूर्व में इसने किसे विक्रय किये गये है। इस संबंध में अनुसंधान किया जा रहा है।

**पूर्व आपराधिक पृष्ठिभूमि-** अवैध हथियारों से फायर कर दहशत फैलाना, मादक पदार्थ की तस्करी एवं अपहरण जैसे संगीन अपराधों में संलिप्तता रही है।सराहनीय भूमिका में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुनील सिकरवार थाना प्रभारी अमायन एवं उनकी टीम सउनि कमलसिंह परमार,प्रधान आरक्षकों में योगेश कुमार, अरूण बोहरे,आरक्षकों में मनोज कुमार, राजकुमार लोधी, जगत सिंह भदौरिया, जीतू यादव की सराहनीय भूमिका रही । पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्य के लिये पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरूष्कृत करने की घोषणा की गई है।

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज दंदरौआ धाम में आएंगे



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 8 जून 2023 को अल्प प्रवास पर भिण्ड जिले के दंदरौआधाम पधार रहे है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 8 जून 2023 को दोपहर 2.10 बजे भोपाल से वाई प्लेन से रवाना होकर दोपहर 2.55 बजे एयरपोट ग्वालियर आएंगे। मुख्यमंत्री अपरान्ह 3 बजे ग्वालियर से हैलीकाप्टर से रवाना होकर अपरान्ह 3.15 बजे बेहट जिला ग्वालियर, सायं 5 बजे बेहट जिला ग्वालियर से हैलीकाप्टर द्वारा रवाना होकर सायं 5.15 बजे दंरौआधाम आएंगे। सायं 6.15 बजे दंदरौआधाम तहसील मेहगांव से हैलीकाप्टर से प्रस्थान कर सायं 6.40 बजे मुरैना पहुंचेगे।

# रायपुर संवाददाता किरीट तिवारी भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महिला मोर्चा द्वारा रविवार को कचहरी चौक पर धरना प्रदर्शन



कर जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रजनी साहू एवं महिला मोर्चा के पदाधिकारियों के ऊपर 25 मई हुए एफ आई आर के विरोध में धरना प्रदर्शन कर एफ आई आर वापस लेने की मांग की तथा प्रदेश में 2000 करोड रुपए के शराब घोटाले को लेकर आंदोलन किया भाजपा नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार लोकतांत्रिक अधिकारों को दबाने का प्रयास कर रही है शांतिपुर अहिंसक आंदोलन पर एफ आई आर कहीं से भी उचित नहीं है सरकार लोकतंत्र का गला घोटने पर आमादा कांग्रेस की भूपेश सरकार ने गंगाजल लेकर कसम खाई थी कि सत्ता में आते ही प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी करेंगे किंतु सत्ता में आते ही मुकर गई और शराब की होम डिलीवरी होने लगी तथा गली गली शराब की अवैध बिक्री धड़ल्ले से हो रही है भाजपा सदन में जब शराबबंदी को लेकर के उनके वादे को याद दिलाती है तो कांग्रेसी कुटिल मुस्कान करके रह जाते हैं शराबबंदी तो नहीं हुई किंतु शराब गली गली में अवैध रूप से बिक रही है नकली शराब पीने से नवगढ़ ब्लॉक ग्राम रोकता में 3 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई जिसमें जिसमें 1 सैनिक भी था किंतु यह निकम्मी सरकार मृतकों के घर सांत्वना देर तक नहीं गई महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रजनी साहू एवं 40 बहनों पर हुए द्व.द्व.ह्न. पर कड़े शब्दों में निंदा की तथा उन्होंने कहा कि यदि एफ आई आर वापस नहीं होता है तो प्रदेश भर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा डरने वाले नहीं हैं कांग्रेश की भूपेश सरकार जितने भी अन्याय अत्याचार कर ले हम रुकने वाले नहीं हैं हम इस अन्याय और अत्याचारी सरकार का विरोध करेंगे सरकार अपनी गलती को सुधारें तथा महिलाओं पर हुए द्व.द्व.ह्न. को वापस ले भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल ने कड़े शब्दों में भूपेश सरकार की बरसना की कांग्रेश की अत्याचार सरकार जितने भी जुल्म कर ले हम उसका मुकाबला करेंगे तथा भारतीय जनता पार्टी लोकगीत के लिए जनता की आवाज बुलंद करती रहेगी भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रजनी साहू ने ने कहा कि




विगत 25 मई को जिला महिला मोर्चा द्वारा शांतिपूर्ण एवं अहिंसक आंदोलन कर सोई हुई भूपेश सरकार को जगाने हेतु आंदोलन किया लोकतंत्र में विपक्ष का परम दायित्व है की वह शपथ के गलत निर्णय होगा पुरजोर विरोध करें हमारी बहनों ने तपती दोपहरी में जनता की आवाज को पहुंचाने का कार्य क्या है आगे भी हम जनता के हित में आंदोलन करते रहेंगे चाहे हमारे ऊपर कितने भी एफ आई आर किया जाए महिला मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर आज धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया धरना प्रदर्शन उपरांत नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी डॉ किरण बघेल के साथ-साथ प्रदेश की पूरी टीम एवं जिला महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष महामंत्री के साथ-साथ की पूरी टीम ज्ञापन देने हेतु जानकी थाना जाने के निकले रास्ते में प्रशासन द्वारा मेरी केक लगा कर के तथा 15 फीट रास्ते को अवरुद्ध कर दिया किंतु महिला मोर्चा की बहनों ने इसकी परवाह किए बगैर बैरिकेड तोड़कर आगे बढ़े एसडीएम के आने पर उन्हें ज्ञापन सौंपकर एफ आई आर वापस लेने का अनुरोध किया धरना प्रदर्शन का संचालन महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी ने किया एक कार्यक्रम में पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले शक्ति जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी प्रशांत सिंह नंदनी जिला प्रभारी पुनीता दरिया सुलोचना यादव वैशाली रतनापरखी राजवाड़े कल्याणी साहू संतोषी सिंह शिखा शर्मा ममता सिंह भूरी बाई मधु राठौड़ पूजा राठौर अनीता कैमरा कुमार सोनी उर्मिला निर्मलकर प्रेमलता कौशिक जानकी कहरा चंद्रकांत राठौर नवनीत आकार रक्षा चंद्रा दिलेश्वर साहू लता निर्मलकर जया मोंटू पूनम राय रजनीश सोनी संतोषी महिला मोर्चा संतोषी दुबे अमर सुल्तानिया अभिमन्यु राठौर शिव शर्मा आशुतोष गोस्वामी गोलू दुबे रितेश अग्रवाल आदि पदाधिकारी भारी संख्या में उपस्थित थे उक्त आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा ने दी

# गरियाबंद से बड़ी खबर मरौदा के गौठान के पास मिला सड़ा गला अज्ञात पुरुष का शव, फारेंसिक टीम जाँच में जुटी

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



गरियाबंद।सिटी कोतवाली गरियाबंद क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मरौदा के जंगल मे गौठान के पास लगभग 10-12 दिन पुराना एक अज्ञात पुरूष उम्र करीबन 45-50 साल का शव मिलने की सूचना पर जिले के आला अधिकारियों को हालात से अवगत कराया गया।जिसके बाद पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम काम्बले के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रेश सिंह ठाकुर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पुष्पेंद्र नायक के द्वारा थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश मिश्रा व अन्य स्टाफ के साथ मौका पर पहुंच कर जायजा लिया गया साथ ही एफएसएल रायपुर की टीम के साथ घटना स्थल व शव का बारीकी से निरीक्षण किया गया। एफएसएल एक्सपर्ट द्वारा अज्ञात पुरूष का उम्र करीबन 45-50 साल होना एवं स्वाभाविक मृत्यु होना बताये हैं।

## शिवपुरी पुलिस की अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी

# पुलिस थाना करैरा ने पकडी 15 ग्राम स्मैक, एक मोटरसाईकिल, एक 12 बोर की बंदूक शार्टकट एवं राउण्ड सहित तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ, जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन, अवैध शराव की धरपकड़ हेतु समस्त थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधियारियों को अभियान चलाकर कार्यवाही करने हुते एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेन्स नीति अपनाने के निर्देश दिये गये हैं । उक्त निर्देशों के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया एवं स्ठ्ठक्क करैरा श्री संजय चतुर्वेदी के कुशल मार्गदर्शन में कल दिनांक 06.06.2023 के शाम को थाना प्रभारी करैरा निरी. सुरेश शर्मा को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि तीन लोग अमोला तरफ से एक मोटर साईकल से स्मैक ले कर ग्राम टोरियाकला जा रहे हैं । थाना प्रभारी द्वारा उक्त सूचना से बरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर मार्गदर्शन प्राप्त किया एवं सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस बल के साथ मुखबिर द्वारा बताये अनुशार मौके पर जाकर चैकिंग लगाई । चैकिंग के दौरान एक मोटर साईकल जिस पर तीन लोग बैठे आते दिखे जिसे पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो उक्त संदिग्ध मोटर साइकल चालक भागने की कोशिश करने लगे, जिन्हे पुलिस टीम की मदद से घेराबन्दी कर पकड़ा एवं पूछताछ की गई जिन्होंने अपने नाम व पता 1. कपूर सिह पुत्र कल्यान सिह सोलंकी उम्र 26 साल



निवासी कडोरा इमलिया 2. सचिन रावत पुत्र माधौ सिंह रावत उम्र 23 साल निवासी टोरिया कला 3. सत्यम पुत्र विजय सिह परिहार उम्र 20 साल निवासी टोरिया कला का होना बताया । तीनों लोगों पर पुलिस को संदेह होने एवं मुखबिर की सूचना की दस्दीक हेतु पुलिस द्वारा तीनों लोगों की तलाशी ली गई, जिसपर उनके कब्जे से 15 ग्राम स्मैक पाउडर कीमती 1,50,000 रुपये मय इलेक्ट्रोनिकल तौलकांटा कीमती 5000 रूपये का मिला जिसे पुलिस द्वारा मय मोटर साइकिल क्रमांक स्ब्क्व3ँ1783 कीमती 55,000 रूपये एवं एक 12 वोर इकनाली वंदूक शोर्ट कट व 06 जिंदा राऊन्ड, 05 खोका राऊन्ड कीमती 10,000 रूपये कुल मशरूका 2,20,000 रुपये बरामद किया गया । उक्त प्रकरण मे पुलिस थाना करैरा द्वारा आरोपीगणों के विरूद्ध अप.क्र. 347/23 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट, 25/27 आर्मस् एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया । पुलिस द्वारा आरोपियों से बरामद शुदा मादक पदार्थ स्मैक के सप्लायरों के संबंध में पूछताछ की जा रही है ।

बरामद मालङ्क15 ग्राम स्मैक पाउडर कीमती 1,50,000 रुपये

इलेक्ट्रोनिकल तौलकांटा कीमती 5000 रूपये

मोटर साइकिल क्रमांक ३ँ1783 कीमती 55,000 रूपये

04.एक 12 वोर इकनाली वंदूक शोर्ट कट 06 जिंदा राउन्ड ,05 खोका राऊन्ड कीमती 10,000 रू.

कुल मशरूका कीमती 2,20,000 रूपये

इनकी रही भूमिकाङ्क थाना प्रभारी करैरा निरी0 श्री सुरेश शर्मा, उनि केपी शर्मा ,उनि बीआर पुरोहित , सउनि कमल सिंह बंजारा, प्रआर 640 मदन मोहन ,आर0 262 सतेन्द्र सिंह सिकरवार, आर0 1073 अनूप कुमार, आर0 696 सोनू पाण्डेय, आर0 900 विकास भारद्वाज ।

## शिवपुरी पुलिस की अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही

# पुलिस थाना करैरा द्वारा दो प्लास्टिक की कैनें जिसमें 60 लीटर कच्ची शराब मय एक मोटर सायकिल कुल मशरूका 45 हजार रुपये के एक आरोपी को किया गिरफ्तार



**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश कुमार सिह जी के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन,अवैध शराव की धरपकड़ अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये हैं । उक्त निर्देशों के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया एवं स्ठ्ठक्ककरैरा श्री संजय चतुर्वेदी के कुशल मार्गदर्शन मे कल दिनांक 06.06.2023 की रात्रि में इलाका भ्रमण के दौरान थाना करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपनी मोटर सायकिल पर दो प्लास्टिक की कैनें लेकर जिसमें कच्ची शराब भरी हुयी है विक्रय करने के लिये जा रहा है । मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस बल की मदद से ग्राम बांसगढ़ नहर किनारे मुखबिर द्वारा बताये गये हुलिये के व्यक्ति को रोककर नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम पूरन सिह कंजर पिता राजपाल कंजर उम्र 36 साल निवासी ग्राम चकमियांपुर थाना भितरवार जिला ग्वालियर का होना बताया । आरोपी के कब्जे से एक हीरो डिलेक्स मोटर सायकिल तथा दो प्लास्टिक की कैनें जिसमें करीब 60 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब कुल मशरूका 45 हजार रुपये को विधिवत जप्त किया । आरोपी के विरूध्द धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अप0 क्र0 346/23 पंजीबद्ध किया गया, आरोपी से जप्त शुदा शराब के संबंध मे पूछताछ की जा रही है । बरामद मालङ्क 01. एक हीरो डिलेक्स मोटर सायकिल कीमती 30 हजार रुपये 02. 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब कीमती 15 हजार रुपये कुल माल मशरुका 45,000 रुपये उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी करैरा निरी0 श्री सुरेश शर्मा, उनि बी0आर0 पुरोहित, सउनि जयनारायण, आर0 704 सुनील कुमार, आर0 900 विकास भारद्वाज की सराहनीय भूमिका रही ।

# पुलिस थाना पिछोर ने चोरी की बजाज प्लैटिना खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया व एक बजाज प्लैटिना साइकिल जब्त की

## बजाज प्लैटिना मोटर साइकिल को वाहन मालिक पहचान करके थाना पिछोर से प्राप्त कर सकता है

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**पिछोर,।** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश कुमार सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के निर्देशन में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में पुलिस थाना पिछोर टीआई गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में थाना पिछोर की टीम ने बमना स्कूल के पास से चोरी की मोटर साइकिल खरीद कर बेचने आए आरोपी ज्ञान सिंह लोधी पुत्र अमर सिंह लोधी




निवासी ग्राम खुरई थाना पिछोर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक मोटर साइकिल बजाज प्लैटिना जप्त की । आरोपी ने बजाज प्लैटिना गणेश लोधी निवासी ग्राम टपरियन थाना ओरछा से बेचने के लिए खरीदना बताया। मोटर साइकिल में स्ब्क्व07रूक्1378 नंबर की फर्जी नंबर प्लेट लगा दी है जो कि राहुल सिंह कुशवाह निवासी तानसेन नगर ग्वालियर के नाम से मोटर साइकिल हीरो स्प्लेंडर प्रो रजिस्टर्ड है। मोटरसाइकिल के इंजन नंबर व चेसिस नंबर घिस दिए हैं।जब्त सुदा मोटर साइकिल बजाज प्लैटिना को वाहन मालिक पहचान कर थाना पिछोर से प्राप्त कर सकता है ।शेष आरोपी शातिर चोर गणेश लोधी निवासी टपरियन थाना ओरछा वर्तमान में बकरी चोरी के प्रकरण में पिछोर में बंद है ।आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया जिसे न्यायालय ने उप जेल पिछोर भेजा । पुलिस टीम में एसआई विनोद भार्गव ,एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान, अरविंद यादव ,प्रधान आरक्षक संतोष यादव आरक्षक बचान सिंह तोमर, कमल सिंह माझीं व मांगीलाल गुर्जर शामिल रहे।

# भय भूख भ्रष्टाचार से मुक्त समाज का निर्माण करना है- संध्या शुक्ला





**रीतेश अवस्थी**

दमोह। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की 7 जून 2023 को 11वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में विशाल आमसभा एवं रैली का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धाश्रम रत्न शक्ति स्वरूपा संध्या शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा की जन जन की परिवर्तन की आवाज जो उठ रही है इसी आवाज से भारतीय शक्ति चेतना पार्टी का एक एक कदम आगे की ओर बढ़ता जा रहा है जिससे आज चाहे कांग्रेस पार्टी हो या बीजेपी पार्टी हो हर पार्टियों में हलचल मची हुई है कि तीसरे विकल्प के रूप जो भारतीय शक्ति चेतना पार्टी जन-जन के हृदय में जगह बना रही है और परिवर्तन देखा जा रहा है मध्य प्रदेश को नशा मुक्त मांसाहार मुक्त चरित्रवान चेतना वन बनाना ही। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी का मूल उद्देश्य है भू माफिया मुक्त, शराब मुक्त, भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त नहीं किया तो समाज जाग रहा है और एक ना एक दिन समाज अवश्य सबक सिखाएगा। अरे मामा जी इंदौर महाकाल मूर्तियों में हजारों करोड़ों रुपए खर्च किए लेकिन वह मूर्तियां भ्रष्टाचार की बलि चढ़ा गई 1 वर्ष पूर्ण नहीं हुआ और एक छोटी सी आंधी आई और मूर्तियां आंधी को नहीं सहन कर पाई और टूट करके जमीन पर गिर गई बिखर गई खंडित हो गई अरे शिवराज मामा तुमने तो भगवान को नहीं छोड़ा तो इस भोली भाली जनता को कहां छोड़ने वाले व्यापम घोटाला जनता नहीं भूली आज भी याद है मंदसौर में चली किसानों के ऊपर गोलियां आज समाज नहीं भूला आगामी आने वाले समय में समाज अवश्य सबक सिखाएगा राइम्ज़ स्कूल बनवाए जा रहे जिसमें इतने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचारी की जा रही यदि उन स्कूलों को देखा जाए तो उनमें भ्रष्टाचारही भ्रष्टाचार दिखाई दे देगा आज चुनावी वर्ष आया और मध्य प्रदेश के मुखिया शिवराज मामा ने लाडली बहना योजना लांच कर दी और उन लाडली बहना से तो पूछिए जिन बहनों के पति शराब पीकर घर आते हैं प्रताड़ित करते हैं मारते पीटते हैं और वह पैसा जो आएगा वह पैसा बहनों के खातों से निकलवा कर के 1 या 2 दिन में शराब पी जाएंगे यदि मामाजी मध्य प्रदेश को नशा मुक्त घोषित नहीं किया तो आप बहनों को आज 1000 दे दो या उससे अधिक 5000 भी दोगे तो बहना सुरक्षित नहीं रह पाएगी क्योंकि आज यदि बहनों का दुख का कारण है तो सिर्फ और सिर्फ नशा है। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सिद्धा रत्न पूजा दीदी ने कहा की भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के हजार हजार समाजसेवी कार्यकर्ता आज अवैध शराब को पकड़कर पुलिस के हवाले करते हैं और उस गांव जहां पर वह अवैध शराब जा रही होती है उस गांव में सुख शांति महसूस की जा सके हमारे पार्टी कार्यकर्ता संघर्ष उठाते हैं जिससे वहां के लोग नशा ना पी सके उनके घरों में पैसे बच सके और वह पैसे अपने परिवार में खर्च करें समाज सेवा में खर्च करें जिससे समाज में परिवर्तन किया जा सके आज दमोह के जिला प्रशासनिक अधिकारी अवैध शराब को पकड़ने से रुकते हैं जी तुम्हें अवैध शराब पकड़ने का अधिकार किसने दिया आज हमारे संविधान में जहां पर गलत हो रहा है अधर्मी अन्याय हो रहा है वहां पर आज हर भारतवासी को अधिकार है गलत के खिलाफ पुरजोर आवाज उठाएं आज मैं अपने भारतीय शक्ति चेतना पार्टी कार्यकर्ताओं से कहना चाहती हैं कि जहां पर एक बार अवैध शराब पकड़ बातें अब वहां पर और अधिक से अधिक अवैध शराब पकड़ बाय जो भारतीय शक्ति चेतना पार्टी नशा विरोधी जन आंदोलन चला रही है उसमें और गति लाने की आवश्यकता है जिससे उन प्रशासनिक अधिकारियों को बता देंगे कि भारतीय शक्ति चेतना पार्टी समाज हित का कार्य कर रही है और समाज हित में यह कदम रुकेंगे नहीं आज जो सैलरी पा रहे हैं वह समाज के टैक्स में दिए हुए पैसे से ही आपकी सैलरी बनती है और शराब माफियाओं के इशारों पर चलकर के उसी समाज को आज अवैध शराब पहुंचाई जा रही है भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सिद्धासन रत्न अनूप भैया जी ने कहा क्या भारतीय शक्ति चेतना पार्टी भय भूख भ्रष्टाचार संप्रदायिक छुआछूत जाति संप्रदाय मुक्त समाज का निर्माण करना ही भारतीय शक्ति चेतना पार्टी का मूल उद्देश्य है इन्हीं उद्देश्यों को लेकर के भारतीय शक्ति चेतना पार्टी का गठन किया गया इसी कड़ी में राष्ट्रीय पदाधिकारीयों ने अपने अपने विचार रखे अंत में आए हुए सभी भाई बहन पार्टी कार्यकर्ता नए सदस्यों का आभार व्यक्त भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिला अध्यक्ष पंडित राकेश तिवारी जी ने किया।

# नया बाजार 4 में भरवाये नारी सम्मान योजना के फार्म

**रीतेश अवस्थी**



**पुष्पांजली टुडे**
**दमोह।** कॉंग्रेस द्वारा नया बाजार नंबर 4 में अनुसूचित जाति विभाग अध्यक्ष अजय जाटव के सहयोग से नारी सम्मान योजना के फार्म भरवाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष पंडित मनु मिश्रा, विधायक अजय टंडन, कार्यकारी अध्यक्ष संजय चौरसिया, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष वसंत कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष समीम कुरेशी, कार्यक्रम प्रभारी नितिन मिश्रा, कुदूस चिश्ती, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुषमा सिंह, पारुल टंडन, अनिल जैन बबलू भट्ट की उपस्थिति रही।

# दुखद समाचार



आज दिनांक 7 जून को भाजपा प्रदेश मिडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल की माता जी श्रीमती विजयलक्ष्मी अग्रवाल का दुखद निधन हो गया।जिनकी अंतिम यात्रा 8 जून को प्रातः 8-30 निवास पुरानी बस्ती, बनिया पारा से महादेव घाट मुक्तिधाम रायपुर में संपन्न होगी।

# विधायक डॉ. सिकरवार ने वार्ड 18, 22 एवं 23 में सड़क निर्माण के लिए किया भूमिपूजन



**ग्वालियर।** ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीष सिकरवार ने आज वार्ड क्रमांक 18 के अंतर्गत आने वाले दीनदयाल नगर में मंगल भवन से जोशी बेकरी तक, डी.एच.-55 से 84 तक एवं बी.एच.-112 वाली रोड का निर्माण लगभग 32 लाख रूपये, वार्ड क्रमांक 22 के अंतर्गत आने वाले मयूर प्लाजा वाली रोड का निर्माण लगभग 13 लाख रूपये एवं वार्ड क्रमांक 23 के अंतर्गत आने वाले गौतम नगर गली नं.2, गली नं.4, गली नं.5, भरवारी वाले मौहल्ले के पास बाथम सीमेंट एजेंसी के सामने, श्रीनगर कॉलोनी में कमल प्रजापति के पास से पलिया की चक्की तक, श्रुति विहार, सरकारी मल्टी के सामने वाली रोड एवं 60 फुटा रोड जगजीवन नगर ए.टी.एम के बगल से कबीर आश्रम तक की रोड का निर्माण लगभग 60 लाख रूपये की लागत से कराये जा कार्य का भूमिपूजन आम जनों के साथ किया। क्षेत्रीय नागरिकों ने इस अवसर पर विधायक डॉ. सिकरवार का पुश्पहार पहनाकर स्वागत किया और विधायक ने लोगों की अन्य समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण करने के निर्देष दिए। इस मौके पर विधायक डॉ. सिकरवार ने आमजनों से चर्चा करते हुये कहा कि जन आकांक्षाओं के अनुरूप क्षेत्र के विकास और प्रगति को गति दी जा रही है, इस सड़क निर्माण से क्षेत्र के लोगों का काफी सुविधायें मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि सड़क, सीवर, स्ट्रीट लाईट, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधायें आम आदमी को मिले, इसके लिये कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्शद सुरेष सोलंकी, पार्शद प्रमोद खरे, कार्यकारी अध्यक्ष चतुर्भुज धनोलिया, लखन सिंह राजे, ब्लॉक अध्यक्ष महादेव अपोरिया, हितेन्द्र यादव, रामअवतार जाटव, डॉ. कमलेष इंदौरिया, सुधीर मण्डेलिया, श्रीमती वीणा भारद्वाज, बी.पी. द्विवेदी, केषव पेंटर, सुनील चंद्रवंषी, मोनू रजक, सुनील रमपुरिया, विजय अग्रवाल, के.के. तिवारी, पीतांबर ऋशि, वाय.पी.एस सेंगर, रामसेवक, सतेन्द्र नागर, कुलदीप टैगोर, विजय मौर्य, संतोश षर्मा, हरेन्द्र नागर, माला षाक्य, रेखा, डी.एस. खरे, अर्जुन सिंह, देवलाल, कप्तान सिंह, राकेष जादौन, सतेन्द्र चैहान, आदित्य सेंगर, सतेन्द्र लहारिया, ओ.पी. प्रजापति, जीतू कुषवाह, नारायण मिस्त्री आदि मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्रियों की प्रभार जिलों में अब रूचि नहीं

**ग्वालियर/**भोपाल। मध्यप्रदेश अब धीरे-धीरे चुनावी मोड में आता जा रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न जिलों में नियुक्त प्रभारी मंत्रियों की अब अपने प्रभार वाले जिलों में कोई रूचि नहीं रही है। क्योंकि चुनाव में बहुत कम समय रह गया है इसलिए अब सभी मंत्री अपनी-अपनी विधानसभा में ध्यान लगाना चाहते है। प्रभारी मंत्रियों के प्रभार वाले जिलों में ध्यान नहीं देने से वहां के कार्यकर्ता भी रूठे-रूठे घूम रहे है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि मंत्रियों और नेताओं द्वारा उनकी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। बस चुनाव सिर पर है तो फिल्ड में काम करने के लिये कहा जा रहा है।साल के अंत में होने वाले मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में अब मात्र चार माह का समय रहा गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने इसी को देखते हुये लगातार



प्रदेशभर में अपने दौरे बढ़ा दिये हैं। अब खबर यह भी है कि मुख्यमंत्री जल्द ही जनआर्शीवाद यात्रा पर निकलने वाले है। उनके यात्रा के रूट को फाइनल किया जा रहा है। संभवतः इसी माह के अंत या अगले माह में मुख्यमंत्री पूरे प्रदेश को अपनी रथयात्रा से पाटेंगे। साथ ही तमाम विकास की सौगातों की भी घोषणा करेंगे। इधर अब खबर यह भी आ रही है कि विभिन्न जिलों में नियुक्त प्रभारी मंत्री भी अब अपने जिले और विधानसभा में ध्यान देने के इच्छुक है। इसलिए उन्होंने अपने प्रभार वाले जिलों से दूरी बना ली है। प्रभारी मंत्री चुनावी मैदान में उतरने के लिये अब अपनी विधानसभा पर ध्यान देना चाहते है। आज मुख्यमंत्री द्वारा ली गई प्रभारी मंत्रियों की बैठक में भी संभवतः यह मुदद‌ा गर्माया रहा। सूत्र बताते है कि प्रभारी मंत्रियों ने अब अपने-अपने प्रभार वाले जिले छोड़ने की पेशकश की है, ताकि वह अपनी विधानसभा में ध्यान लगा सकें। इधर प्रभारी मंत्रियों के अपने प्रभार वाले जिलों में ध्यान नहीं देने से कार्यकर्ता नाराज है, क्योंकि उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि प्रभारी मंत्रियों की उपेक्षा से वह बहुत आहत है। उनके कोई काम ही नहीं हो रहे है। अधिकारी और बड़े नेता भी उनकी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि अब जब चुनाव सिर पर है तो उनके लिए एक लाईन का आदेश आ गया है कि अपनी-अपनी विधानसभा में जमीन पर उतरकर पार्टी की मजबूती के लिये काम करें। मजेदार बात यह है कि कार्यकर्ता इस बात से ज्यादा उपेक्षित है कि बस उन्हें चुनाव में याद किया जा रहा है वैसे उनकी कोई पूछपरख नहीं है।

# सांसद शेजवलकर ने संपर्क अभियान के तहत वरिष्ठ चिकित्सकों से भेंट की

**ग्वालियर।** विशेष संपर्क अभियान के 7वे दिन सांसद विवेक शेजवलकर एवं पूर्व जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी ने महानगर के प्रसिद्ध चिकित्सकों से भेंट कर मुलाकात की। सांसद शेजवलकर ने डॉ. एस.एम. तिवारी, डॉ. शिराली रूनवाल, डॉ. अशोक मिश्रा एवं डॉ. जे.एससिकरवार से मुलाकात की7 इस मुलाकात में उन्होंने केन्द्र की मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यो की जानकारी वरिष्ठ चिकित्सकों से साझा की। उन्होंने केन्द्रीय संगठन द्वारा दिए गए टोल फ्री नम्बर पर मिस्ड कॉल कराकर देश के प्रधानमंत्री मोदी जी के लिए आर्शीवाद एवं समर्थन मांगाइस अवसर पर पार्षद श्रीमती अपर्णा पाटिल, रवि पाण्डे, पवन गणफुले एवं उदय अग्रवाल उपस्थित थे।



सांसद शेजवलकर ने संपर्क अभियान के तहत वरिष्ठ चिकित्सकों से भेंट की

ग्वालियर। विशेष संपर्क अभियान के 7वे दिन सांसद विवेक शेजवलकर एवं पूर्व जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी ने महानगर के प्रसिद्ध चिकित्सकों से भेंट कर मुलाकात की। सांसद शेजवलकर ने डॉ. एस.एम. तिवारी, डॉ. शिराली रूनवाल, डॉ. अशोक मिश्रा एवं डॉ. जे.एससिकरवार से मुलाकात की7 इस मुलाकात में उन्होंने केन्द्र की मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यो की जानकारी वरिष्ठ चिकित्सकों से साझा की। उन्होंने केन्द्रीय संगठन द्वारा दिए गए टोल फ्री नम्बर पर मिस्ड कॉल कराकर देश के प्रधानमंत्री मोदी जी के लिए आर्शीवाद एवं समर्थन मांगाइस अवसर पर पार्षद श्रीमती अपर्णा पाटिल, रवि पाण्डे, पवन गणफुले एवं उदय अग्रवाल उपस्थित थे।



# मुख्यमंत्री चौहान 8 जून को ग्वालियर व चंबल संभाग के प्रवास पर



**ग्वालियर** 7 मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 8 जून को ग्वालियर व चंबल संभाग के प्रवास पर आयेंगे। वे इस दिन दोपहर बाद लगभग 3 बजे वायु मार्ग द्वारा राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुँचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री चौहान विमानतल से हैलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर अपरान्ह 3.15 बजे बेहट पहुँचेंगे। मुख्यमंत्री बेहट के मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। साथ ही जन सभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री चौहान बेहट से सायंकाल 5 बजे हैलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 5.15 बजे भिण्ड जिले के अंतर्गत दंदरौआ धाम पहुँचेंगे। यहाँ से 6.15 बजे हैलीकॉप्टर द्वारा मुरैना के लिये रवाना होंगे। मुरैना में स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री चौहान सड़क मार्ग द्वारा लगभग 8.30 बजे ग्वालियर विमानतल पर पहुँचेंगे और यहाँ से विमान द्वारा भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

# चंबल के किनारे बसे गांव को उजाड़ने के विरोध में तथा बाईपास रोड से प्रभावित किसानों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन।

**सबलगढ़** - चंबल के किनारे बसे सबलगढ़ क्षेत्र के 30 से ज्यादा गांव बाढ़ का दंश तो झेल ही रहे है। अब उन्हें प्रशासन चम्बल किनारे से हटाना चाहता है। ऐसी हालत में किसान कहां जाएंगे। पीढ़ियों से चंबल किनारे बस रहे किसान कैसे आवास और जमीन को छोड़कर हटेंगे। किसानों ने प्रशासन के हटाने के आदेश का पुरजोर विरोध करने का निर्णय लिया है। आज सैकड़ों किसान कृषि उपज मंडी में इकट्ठे हुए रैली निकालकर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर किसानों को हटाने के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। इसके अलावा 552 नंबर राष्टीय राजमार्ग के लिए बाईपास सड़क निकालने में सैकड़ों किसानों की जमीन अधिग्रहित कर उन्हें भी विस्थापित किया जा रहा है। उन्होंने भी चंबल के किसानों के साथ मध्य प्रदेश किसान सभा के बैनर तले ज्ञापन दिया। ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी सबलगढ़ सुश्री मेघा तिवारी एवं तहसीलदार कल्पना शर्मा को दिया गया उन्होंने चंबल के किनारे से किसानों को विस्थापित नहीं करने का आश्वासन दिया इसके अलावा बाईपास रोड के मामले में आवश्यक कार्रवाई करने का भी आश्वासन दिया है। किसानों ने पीपल वाली चौकी पर अंडर ब्रिज की मांग भी की है। उसमें भी प्रशासन ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।इस आंदोलन के दौरान हुई किसानों की सभा को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी ने कहा कि सरकार किसानों को हटाने और उजाड़ने पर आमादा है। लेकिन किसानों ने भी विरोध का संकल्प लिया है। पुरजोर विरोध किया जाएगा लेकिन हटेंगे नहीं यह संकल्प भी लिया है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से किसानों की स्थिति को समझते हुए किसानों को हटाने के निर्णय को रद्द करने की मांग की है।किसान सभा के जिला महासचिव मुरारी लाल धाकड़ ने कहा है कि सरकार और प्रशासन विधि विरुद्ध कार्यवाही कर रहे हैं। किसान इसका मुकाबला करेंगे। उन्होंने किसानों से एकजुट संघर्ष तेज करने की अपील की। किसानों की आमसभा को मध्य प्रदेश किसान सभा के ओमप्रकाश श्रीवास, नरहरी शर्मा, जगदीश केवट, हंसराज शर्मा, आदिराम आर्य, पदम सिंह जादौन आदि ने संबोधित किया।

**जिला सचिव परिहार के जन्मदिन पर बधाई देने वालों का लगा रहा तांता**

# क्षेत्रीय विधायक व जिलाध्यक्ष ने केक खिला कर दी जन्मदिन की बधाई,राजेंद्र ने अपने जन्मदिन पर बधाई देने वालों का जताया आभार

**गोहद,,,** कांग्रेस पार्टी के नौजवान युवा नेता राजेंद्र सिंह परिहार के जन्मदिन पर उनके गृह नगर गोहद के सिंचाई विभाग विश्राम ग्रह पर रखे गए एक विशाल बब्बू जन्मदिन कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक व जिला अध्यक्ष सहित सभी पार्टी पदाधिकारियों का इष्ट मित्रों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दीइस मौके पर क्षेत्रीय विधायक मेवाराम जाटव ने कहा मुझे खुशी है कि पार्टी के युवा नेता जिला सचिव राजेंद्र सिंह परिहार ने कम उम्र कम समय में इतनी जल्दी राजनीति की सीढ़ियां चढ़ने का जो ख्वाब उन्होंने अपने मन में जगाया है वह वाकई तारीफ काबिल है क्योंकि कई युवा नेता राजनीति तो कर रहे हैं पर उनके अंदर राजनीति करने का हुनर राजेंद्र सिंह जैसा नहीं दिखता इसलिए मैं ईश्वर से यही प्रार्थना करता हूं कि आने वाले समय इन्हें कामयाबी के साथ-साथ नई नई सीढ़ियां चढ़ने का इनके अंदर जज्बा पैदा करेंइस कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने कहां राजनीति तो मैं भी कई समय से कर रहा हूं लेकिन मुझे पार्टी के वरिष्ठ जनों तक संपर्क बनाने में काफी समय लग गया लेकिन पार्टी के जिला सचिव राजेंद्र सिंह परिहार ने आज वह कहावत सिद्ध करके दिखा दी है जिसे कहते हैं गागर में सागर भरना यानी कम उम्र में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं तक पहुंचना फिर उनसे संपर्क बनाना एक बड़ी बात हो जाती है इसलिए मुझे खुशी ही नहीं बल्कि विश्वास



भी है कि इस कांग्रेस पार्टी को एक होना संघर्षशील युवा नेता मिला है इसलिए मैं ईश्वर से यही प्रार्थना करूंगा कि इस होनहार युवा नेता राजेंद्र के आने वाले समय में कामयाबी इन्हें गले लगाती रहेइसके साथ ही जन्मदिन के उपलक्ष में बधाई देने के लिए उपस्थित सभी वरिष्ठ जनों एवं पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं इष्ट मित्रों का जिला सचिव राजेंद्र सिंह परिहार अपने तहे दिल से आभार प्रकट किया इस अवसर पर बधाई देने वालो मैंनेता प्रतिपक्ष माननीय डॉ गोविंद सिंह जी विधायक लहार कांग्रेस नेता देवाशीष जरारिया लोकसभा प्रत्याशी भिंड दतिया कांग्रेस नेता डॉ हीरालाल अलावा विधायक मनावर कांग्रेस नेता अनिरुद्ध प्रताप सिंह प्रदेश प्रवक्ता स्वदेश शर्मा प्रदेश प्रवक्ता रवि राहुल वर्मा जयस प्रवक्ता रविराज बघेल जयेश कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर राजू पटेल आशीर्वाद शर्मा महासचिव कांग्रेस भिंड शालू पुरोहित प्रदेश सचिव युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आशीष गुर्जर कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष गणेश राम शर्मा नगर कांग्रेस कमेटी विनय मुद्गल मालनपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संग्राम सिंह तोमर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप यादव राकेश तोमर कुलदीप गुर्जर जी जिला महासचिव कांग्रेस नेता श्री केशव देसाई जिला पंचायत सदस्य कांग्रेस नेता धर्मवीर दिनकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य दीदी श्रीमती रेखा बसेड़िया कांग्रेस नेता अमर सिंह कैलाश माहौर मयूर पठान ब रमजान खान बृजेश चौरसिया अवधेश शुक्ला जिला सचिव विजय निगम जिला महासचिव बबलू भैया भाई जीतू गुर्जर भाई महेश कौशल विजय राठौर धर्मेंद्र माहौर गौरव कोली पवन राठौर विशाल बाथम उदय परिहार सुनील माहोर सूरज प्रजापति चौधरी राजू सिंह राठौर योगेश सिंह परिहार मुनेश सिंह परिहार प्रताप परिहार राजा परिहार आकाश परिहार रिंकू परिहार अभिषेक निगम आकाश परिहार आकाश परिहार जोगेंद्र परिहार कमल सिंह परिहार मनीष परिहार आनंद प्रजापति देव प्रजापतितेज सिंह जादौन सुनील माहोर कृष्ण माहोर उपस्थित रहें

# युवा कांग्रेस ने विशेष भर्ती अभियान में आये युवाओं के लिए ठंडा पेयजल और स्वलपाहार उलब्ध करवाया



आज विकासखंड कार्यालय, आमला में कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स द्वारा जिला प्रशासन और आजीविका मिशन के सहयोग से विशेष भर्ती अभियान हेतु रजिस्ट्रेशन, साक्षात्कार तथा नियुक्ति प्रक्रिया आयोजित की गई । जिसमें शामिल होने आये आमला सहित दुरदराज के युवा भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए भी परेशान होते रहे, यहाँ भर्ती अभियान के लिए आई कैपिटल सिक्योरिटी कंपनी, 250 रूपये पंजीयन शुल्क लेने के बावजूद भी युवाओं के लिए पीने का पानी जैसी बुनियादी सुविधा की व्यवस्था भी नहीं करवा सकी, परेशान युवाओं की मदद के लिए जिला युवा कांग्रेस (शहर) अध्यक्ष - विजय पारधी ने अपने साथियों के साथ भर्ती स्थल पर पेयजल और स्वलपाहार की व्यवस्था उपलब्ध करवाई ।

# कृषि विश्वविद्यालय में कृषक जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ

ग्वालियर। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में कृषि विज्ञान केन्द्रों संग परिचर्चा के अंतर्गत आज किसानों को उनके पास उपलब्ध दुर्लभ पौध किस्मों के सरंक्षण और इस विषय में उनको प्राप्त अधिकारों के विषय में कृषक जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपयोगी जानकारी दी गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पौध किस्म और कृषि अधिकार संरक्षण प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ टी. महापात्रा थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री जी ने आवाह्न किया है देश का कोई भी किसान गरीब न रहे, उसकी आय दोगुनी हो। इसी क्रम में यदि कोई किसान अपनी परंपरागत संरक्षित अथवा नवीन किस्म का पंजीकरण इस अधिनियम के तहत करता है तो उस किस्म के व्यावसायिक उपयोग में किसान को भी लाभ प्राप्त होगा। यह परिवर्तन की दिशा में बड़ा कदम है। आपने बताया कि प्राप्त 18000 से अधिक आवेदनों में से प्राधिकरण द्वारा अबतक 5200 किस्मों का पंजीयन किया जा चुका है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के उपमहानिदेशक (कृषि षिक्षा) डॉ. आर.सी. अग्रवाल ने इस अधिनियम से जुडे अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया किस तरह किसान अपनी



प्रजातियों का पंजीकरण कर लाभ प्राप्त कर सकता है। प्राधिकरण इस दिशा में काम करने वाले किसानों को आकर्षक पुरूस्कार देता है, अभी तक 128 किसानों को पुरूस्कृत किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि किसान, पौध प्रजनक व अनुसंधान कर्ता अपने अधिकारों को जानकर इस अधिनियम से बहुत लाभ प्राप्त कर सकते है।कार्यक्रम में उपस्थित राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के कुलपति डॉ. अरविन्द कुमार शुक्ला ने अतिथियों का अभिवादन करते हुए इस कार्यक्रम से प्राप्त होने लाभों को बताया। उन्होंने कहा कि देशी किस्मों में ऐसे अनेक दुर्लभ गुण होते है जो हमारे बेहद उपयोगी हो सकते हैं, इनका संरक्षण बहुत आवश्यक है। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में जैविक कपास व चने की कई प्रजातियां विकसित की गई है। कार्यक्रम में निदेशक विस्तार सेवायें डॉ. वाय.पी. सिंह ने कहा कि हमारी आने वाली युवा पीढ़ी नौकरी लेने नहीं बल्कि देने वाली होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में निदेशक अनुसंधान सेवायें डॉ. संजय शर्मा, कुलसचिव अनिल सक्सैना, कृषि विज्ञान केन्द्र ग्वालियर प्रधान वैज्ञानिक डॉ. राज सिंह कुशवाह एवं अंचलों से लगभग 150 किसान, कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिक व विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारी गण भी मौजूद रहे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478